

देवउठनी एकादशी (12 नवंबर ) की हार्दिक शुभकामनाएं...

# दिव्य आकाश

कोरबा से प्रकाशित एवं मुद्रित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

**सुविचार**

वक्त सबको मिलता है
जिंदगी बदलने के लिए
पर जिंदगी दोबारा नहीं मिलती
वक्त बदलने के लिए।

वर्ष - 15, अंक - 31 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 08 से 14 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 8, मूल्य - रू. 3/-

## कनाडा में खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला हिरासत में

**हरदीप सिंह निज्जर का करीबी, पिछले महीने शूटआउट के बाद पुलिस ने पकड़ा था**

**ओटावा ( एजेंसी )।**



खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप डल्ला को कनाडा में हिरासत में लिया गया है। अर्शदीप, हरदीप सिंह निज्जर का करीबी है। दरअसल 28 अक्टूबर को कनाडा के मिल्टन शहर में एक शूटआउट हुआ था। 29 अक्टूबर को वहां की स्थानीय पुलिस ने बयान जारी करते हुए बताया था कि उन्होंने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। लेकिन इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान उजागर नहीं की थी।

मगर रविवार को सूत्रों के हवाले से कहा गया कि इनमें से एक आरोपी डल्ला ही है। अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है कि हिरासत के बाद उसे रिहा किया गया या नहीं। डल्ला की हिरासत पर कनाडा पुलिस की तरफ से भी आधिकारिक तौर पर कोई बयान सामने नहीं आया है। अभी कनाडा और भारत के बीच डिप्लोमैटिक बातचीत बंद हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच सूचनाएं साझा नहीं की जा रही हैं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में स्पेशल फोर्सेस का जवान शहीद

**श्रीनगर ( एजेंसी )।**



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में 2 पैरा स्पेशल फोर्सेस के जूनियर कमीशन ऑफिसर राकेश कुमार शहीद हो गए। 3 जवान घायल हैं। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच किश्तवाड़ में केशवान के जंगलों में रविवार सुबह 11 बजे से ये एनकाउंटर जारी है। अधिकारियों के मुताबिक यहां कश्मीर टाइगर्स ग्रुप के 3-4 आतंकवादी छिपे हैं, इन लोगों ने 7 नवंबर को 2 विलेज गार्ड की हत्या की थी। किश्तवाड़ के अलावा श्रीनगर के जबरवान इलाके में भी आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटों के अंदर यह तीसरी मुठभेड़ है। जबकि नवंबर महीने के 10 दिन में यह 8वां एनकाउंटर है। जिनमें अब तक कुल 8 आतंकी मारे गए हैं।

## सोमवार को शपथ लेंगे नए सीजेआई संजीव खन्ना

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस बनेंगे। वे 11 नवंबर को सीजेआई के पद की शपथ लेंगे। संजीव खन्ना की विरासत वकालत की रही है। उनके पिता देवराज खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे हैं। वहीं चाचा हंसराज खन्ना सुप्रीम कोर्ट के मशहूर जज थे। उन्होंने इंदिरा सरकार के इमरजेंसी लगाने का विरोध किया था। साथ ही राजनीतिक विरोधियों को बिना सुनवाई जेल में डालने पर भी नाराजगी जताई थी।

1977 में वरिष्ठता के आधार पर उनका चीफ जस्टिस बनना तय माना जा रहा था, लेकिन जस्टिस एमएच बेग को सीजेआई बनाया गया। इसके विरोध में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस्तीफा दे दिया। इंदिरा की सरकार गिरने के बाद वह चौधरी चरण सिंह की सरकार में 3 दिन के लिए कानून मंत्री भी बने थे। संजीव खन्ना अपने चाचा से प्रभावित थे, इसलिए उन्होंने 1983 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैंपस लॉ सेंटर से एलएलबी की। इसके बाद जस्टिस खन्ना ने दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट से वकालत शुरू की। फिर दिल्ली सरकार के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट और दीवानी मामलों के लिए स्टैंडिंग काउंसल भी रहे। स्टैंडिंग काउंसल का आम भाषा में अर्थ सरकारी वकील होता है। साल 2005 में जस्टिस खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट के जज बने। 13 साल तक दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहने के बाद 2019 में जस्टिस खन्ना का प्रमोशन सुप्रीम कोर्ट के जज के बतौर हो गया। संजीव खन्ना का हाईकोर्ट जज से प्रमोट होकर सुप्रीम कोर्ट का जज बनना भी विवादों में रहा था।

# इसरो चीफ बोले- 2040 तक चांद पर भारतीय को भेजेंगे

**स्पेस टूरिज्म में अपार संभावनाएं: मून मिशन से पहले अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की जरूरत**

**पिलानी ( झुंझुनूं ), एजेंसी।**



इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने कहा- हमारा लक्ष्य 2040 तक चांद पर एक भारतीय को उतारने का है। इसके लिए हमें एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की जरूरत है, क्योंकि चांद पर इंसान भेजने के लिए एक इंटरमीडियम होना चाहिए। इसके लिए माइक्रोग्रेविटी रिसर्च और कई स्पेशल स्पेस मिशन के लक्ष्यों को हासिल करना होगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल हम लर्निंग फेज में है और सीखने की हमारी यात्रा अनवरत जारी है। इसरो चीफ ने रविवार को झुंझुनूं जिले के बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी संस्थान में हुए दीक्षांत समारोह के दौरान यह बात कही।

इसरो चीफ एस सोमनाथ ने बिट्स पिलानी कैंपस में पौधरोपण किया। इस बाद उन्होंने अपने मोबाइल से पौधे के साथ लगाए बोर्ड की तस्वीर ली।

**स्पेस टूरिज्म में भारत के पास अपार संभावनाएं**

उन्होंने कहा- अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क चांद पर मानव भेजने, मंगल पर सोसाइटी स्थापित करने की प्लानिंग कर रहे है। उनकी योजना है कि वहां (मंगल ग्रह) लाखों लोगों के लिए कॉलोनी बनाएंगे और एक टिकट से लोग वहां जा सकेंगे।

सोमनाथ ने कहा- मुझे लगता है कि स्पेस टूरिज्म का क्षेत्र अच्छा खासा उभरेगा। इस क्षेत्र में भारत के लिए भी अपार संभावनाएं है। हमें बहुत किफायती इंजीनियरिंग के लिए जाना जाता है। हमारा मून और मार्स मिशन दुनिया के सबसे कम लागत वाले मिशन में से एक रहा है और इन दोनों ने हमें बहुत सम्मान भी दिलाया है। इसरो चीफ ने कहा- हमने अगले 5 से 60 सालों के दौरान भविष्य को लेकर भी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। सरकार ने इसके लिए 30 हजार करोड़ रुपए के बजट की घोषणा भी की है। वर्तमान समय अंतरिक्ष कार्यक्रम के इतिहास में एक बड़ा ऐतिहासिक क्षण है।

**आज स्पेस मिशन पहले जैसे महंगे नहीं**

एस सोमनाथ ने स्टूडेंट्स से कहा- पूरे स्पेस मैकेनिज्म में बदलाव आ रहा है। स्पेस साइंस में बदलाव को समझना चाहिए। अंतरिक्ष तक पहुंचने और इसके नियमों के बारे में जानना पहले जितना कठिन था, अब उतना मुश्किल नहीं है। जब अमेरिकियों ने मून मिशन के बारे में सोचना शुरू किया था, तो उन्हें अंतरिक्ष कार्यक्रम में बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट करना पड़ता था।

उन्हें अपनी राष्ट्रीय संपत्ति का लगभग 20-30 प्रतिशत इन्वेस्टमेंट करना पड़ा था, ताकि वे आज की तरह साइंस कैपेसिटी डेवलप कर सके। अब अंतरिक्ष तक पहुंच बहुत आसान हो गई है। कोई भी आजकल उपग्रह लॉन्च कर सकता है। यह विश्वविद्यालयों और संस्थानों में भी किया जा सकता है और सैटेलाइट लॉन्च की लागत इतनी कम हो गई है कि आज अंतरिक्ष में लगभग 20 हजार उपग्रह हैं। लगभग 50 हजार से अधिक उपग्रह मिनिमम-लेटेंसी टेली-कम्युनिकेशन सेवाएं और इंटरनेट सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जो वास्तव में काफी हैरान कर देने वाला आंकड़ा है।

## बाबा सिद्दीकी को गोली मारने वाला शिवकुमार बहराइच से अरेस्ट

**पुलिस को बताया- लॉरेंस के भाई अनमोल ने 10 लाख में दी थी सुपारी**




**बहराइच/लखनऊ ( एजेंसी )।**

मुंबई के बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के मुख्य आरोपी और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर शिव कुमार उर्फ शिवा को यूपी स्ज्ञस्न और मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे नेपाल बॉर्डर से 19 किमी पहले नानपारा में पकड़ा गया। उसके 4 मददगार भी गिरफ्तार हुए हैं। शिव कुमार नेपाल भागने की फिराक में था।

गिरफ्तार अन्य आरोपियों में अनुराग कश्यप, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव, और अखिलेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। सभी बहराइच के गंडारा गांव के रहने वाले हैं। ये शिव कुमार को शरण देने और नेपाल भागने में मदद कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक शिवा मुंबई में 12 अक्टूबर को हुए बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल था। हत्या के बाद से वह फरार था, जबकि उसके दो साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे।

शिव कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह लॉरेंस गैंग के लिए स्क्रैप डीलर शुभम लोनकर के जरिए काम करता था। बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए उसे 10 लाख रुपए देने का वादा किया गया था। हत्या के बाद शिव कुमार मुंबई से फरार होकर झांसी, लखनऊ होते हुए बहराइच पहुंचा और नेपाल भागने की प्लानिंग कर रहा था।

लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्ननोई ने कहा था- हत्या के बदले 10 लाख मिलेंगे

शिव कुमार ने पूछताछ में बताया, मैं और धर्मराज कश्यप एक ही गांव के रहने वाले हैं। पूना में स्क्रैप का काम करता था। मेरी और शुभम लोनकर की दुकान अगल-बगल थी। शुभम लोनकर लॉरेंस बिश्नोई के लिए काम करता है। उसने मेरी बात स्नैप चैट के जरिए लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई से कई बार कराई है। अनमोल ने मुझसे कहा था कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के बदले 10 लाख रुपए मिलेंगे। हर महीने भी कुछ न कुछ मिलता ही रहेगा।

हत्या के लिए असलहा, कारतूस, सिम व मोबाइल फोन शुभम लोनकर और मोहम्मद यासीन अख्तर ने दिया था। हत्या के बाद आपस में बात करने के लिए तीनों शूटरों को नए सिम व मोबाइल फोन दिए गए थे। पिछले कई दिनों से हम लोग मुंबई में बाबा सिद्दीकी की रेकी कर रहे थे। 12 अक्टूबर की रात सही मौका मिलने पर हम लोगों ने बाबा सिद् ?दीकी की हत्या कर दी। उस दिन त्योहार होने के कारण भीड़भाड़ भी थी। जिसके कारण दो लोग मौके पर पकड़ लिए गए थे और मैं फरार हो गया।

# मोदी बोले- जब मनमोहन पीएम थे, सोनिया सरकार चलाती थीं

**रांची ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 दिन में रविवार को दूसरी बार झारखंड पहुंचे। उन्होंने बोकारो के चंदनकियारी और गुमला में सभा की। उन्होंने एक बार फिर रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा का नारा दिया। कहा- भाजपा का यहां एक ही मंत्र है हमने झारखंड बनाया है हम ही संवारेंगे।

उन्होंने PA 2004 से 2014 तक केंद्र में रही कांग्रेस नीत क्क सरकार का भी जिक्र किया। मोदी बोले- जब डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे, तो सोनिया गांधी सरकार चलाती थीं। उन्होंने झारखंड को कुछ नहीं दिया। राज्य बनने का भी विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस और उसके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 वापस लाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव लाए। उनका ये सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमनें 370 को जमीन में गाड़ दिया है। अब ये इसे कभी नहीं लागू कर पाएंगे।

मोदी ने कांग्रेस के जातिगत जनगणना करवाने के वादे पर कहा- कांग्रेस सत्ता के लालच में छोटी-छोटी जातियों को बांटकर उन्हें आपस में लड़ाना चाहती है। इसलिए वे जातिगत जनगणना कराने की बात करते हैं। याद रखिए हम एक रहेंगे, सेफ रहेंगे।

**कांग्रेस-झामुमो जातियों को आपस में लड़ाना चाहती है**

पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ओबीसी की जातियों को आपस में लड़ाना चाहती हैं। ये चाहते हैं कि ओबीसी की छोटी-छोटी जातियां खुद को ओबीसी मानना छोड़ दें और अपनी-अपनी जातियों में उलझे रहें। क्या आप चाहते हैं कि यहां का ओबीसी समाज टूट जाए? आपको मंजूर है? अगर टूट गए तो आपकी आवाज कमजोर होगी या नहीं? इसलिए हमें यह याद रखना है, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। वो ऐसा इसलिए करना चाहते हैं, क्योंकि ये चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। 1990 कांग्रेस कभी लोकसभा में 250 सीट नहीं जीत पाई है।

**कश्मीर में धारा 370 के लिए साजिश रच रही कांग्रेस**

मोदी बोले- जैसे ही कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेस गठबंधन को जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का मौका मिला, उन्होंने कश्मीर के खिलाफ अपनी साजिशें शुरू कर दीं। कुछ दिन पहले, उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में धारा 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। क्या देश इसे स्वीकार करेगा? जब भाजपा विधायकों ने पूरी ताकत से इसका विरोध किया, तो उन्हें विधानसभा से बाहर फेंक दिया गया। पूरे देश को कांग्रेस और उसके गठबंधन की सच्चाई समझनी होगी।



**जिन्होंने लूटा, उन्हें लौटना पड़ेगा**

गुमला में पीएम ने कहा- कांग्रेस-जेएमएम वाले अपनी तिजोरियां भरने में लगे हैं। हमने इनके नेताओं के पास नकदी के पहाड़ देखे हैं। मैंने नकदी के ऐसे पहाड़ कभी नहीं देखे थे। यहां तक कि गिनती की मशीनें भी थक गई।

## शाह बोले- उद्धव राम मंदिर के विरोधियों के साथ

**वे राहुल से सावरकर के लिए दो अच्छे शब्द बुलवाकर बताएं: खुद तय करें कहां बैठना है**

**मुंबई ( एजेंसी )।**



गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को महाराष्ट्र के मुंबई, जलगांव, बुलढाणा और अमरावती में चुनावी सभाएं कीं। उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। जब तक हमारे एक भी सांसद-विधायक रहेंगे, हम धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि एमव्हीए की सारी योजनाएं महाराष्ट्र की विचारधारा का अपमान करने वाली हैं। इन योजनाओं से पता चलता है कि एमव्हीए किसी भी तरह सत्ता पाना चाहती है, फिर चाहे उसे राज्य की संस्कृति से छल ही क्यों न करना पड़े।

शाह बोले- उद्धव ठाकरे राम मंदिर, सावरकर, 370 और CAA-UCC का विरोध करने वालों के साथ हैं। क्या वे राहुल गांधी और कांग्रेस के नेताओं से वीर सावरकर और बाला साहेब ठाकरे जी के लिए दो अच्छी बातें बुलवा सकते हैं? वे नहीं बोलेंगे। यह अघाड़ी गठबंधन आंतरिक विरोधाभासों से घिरा हुआ है। उद्धव जी को तय करना है कि वो कहां बैठेंगे।

## धमतरी में पोटाश बम फटने से हाथी का बच्चा घायल

**जबड़े और पैर पर गंभीर चोट, जंगल में कई किलोमीटर तक मिले खून के धब्बे**

**धमतरी ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के धमतरी में पोटाश बम फटने से हाथी का बच्चा घायल हो गया। बम विस्फोट से जबड़े और पैर पर गंभीर चोट आई है। हाथी का उम्र 5-6 वर्ष की बताई जा रही है। घटना उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की है। अधिकारीयों बम का टुकड़ा भी मिला है। फिर जंगल में कई किलोमीटर अंदर खून के धब्बे मिले। वन विभाग ने हाथियों के दल को ड्रोन से ट्रैक किया, स्टाफ सहित डॉक्टर की टीम मौजूद है। वहीं डॉग स्क्वायड का भी मदद ली गई। बम लगाने वालों की सूचना देने पर 10 हजार इनाम की घोषणा की गई है।

**मौके से पोटाश बम का टुकड़ा मिला**

उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व के सीतानदी परिक्षेत्र के सातलोर बीट 38-40 हाथी सिकसार दल 7 नवंबर को विचरण कर रहा था,जहां पर खून बिखरा था। इसकी सूचना परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव को मुखबिर द्वारा



दी गई। परिक्षेत्र अधिकारी रिसगांव और स्टाफ द्वारा पतासाजी करने पर मौके से पोटाश बम का टुकड़ा मिला। अगले दिन एन्टी पोचिंग टीम द्वारा मौके का मुआयना किया गया और स्टाफ के साथ मिलकर 6 किलोमीटर तक खून के धब्बे और पगमार्क ट्रेस किए गए। सीसीएफ वाइल्डलाइफ सतोविषा समाजदार, जंगल सफारी के डॉक्टर राकेश वर्मा, डॉग स्क्वायड और शासकीय ड्रोन से घायल हाथी की तलाश शुरू हुई। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व वनमंडलाधिकारी वरुण जैन ने बताया किया बम विस्फोट से हाथियों का दल छोटे-छोटे चार दलों में बंट गया।

## भूपेश बघेल बोले- धान खरीदी न हो, इसकी हो रही साजिश

**पूर्व सीएम ने कहा-मिलर धान उठाने से मना कर रहे, 13 हजार कर्मचारी हड़ताल पर**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि धान खरीदी न करनी पड़े इसकी साजिश हो रही है। रायपुर में उन्होंने कई दावे करते हुए कहा कि सरकार नहीं चाहती की किसानों से धान खरीदी हो। कुछ ऐसी नीतियां बनाई गई हैं, जिससे टनों-टन धान सड़ेगा। किसानों को बड़ा नुकसान होगा।

भूपेश बघेल ने कहा कि तीन दिन बाद यानी 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होनी है। लेकिन धान खरीदी करने वाली 2,058 समितियों के लगभग 13000 कर्मचारी चार नवंबर से हड़ताल पर हैं। मिलरों को 120 की जगह 60 रुपए देने के फैसले के बाद विभिन्न जिलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने



में असमर्थता व्यक्त करने लगे हैं। तो धान मिलिंग के लिए नहीं उठ पाएगा।

**14 से खरीदी संभव नहीं क्योंकि...**

भूपेश बघेल ने कहा कि इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है। शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा।

एक ओर कर्मचारी हड़ताल पर हैं और दूसरी ओर राइस मिलर धान उठाने से इनकार करना शुरू कर चुके हैं। कर्मचारी बता रहे हैं कि हड़ताल की वजह से अब तक धान खरीदी की तैयारियां भी नहीं हुई हैं। न बारदाना उतरा है और न धान खरीदी केंद्रों की साफ सफाई हुई है। न किसानों का पंजीयन हुआ है। बघेल ने आगे कहा कि यदि हड़ताल खत्म भी हो जाती है तो कम से कम सात दिनों की तैयारी लगती है।

# सूरजपुर में हाथियों ने 2 बच्चों को कुचलकर मार डाला

## झोपड़ी बनाकर जंगल में रहा था पंडो परिवार,पति-पत्नी और 3 बच्चों ने भागकर बचाई जान



**सूरजपुर एजेंसी।**

सूरजपुर में हाथियों ने पंडो जनजाति के दो बच्चों को कुचलकर मार डाला। बताया जा रहा है कि, शनिवार की रात करीब 1 सोते समय हाथियों का दल झोपड़ी में घुस गया। पति-पत्नी और 3 बच्चों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन दो बच्चे नहीं निकल सके। जिन्हें हाथियों ने रौंद दिया।

यह मामला सूरजपुर वनमंडल के प्रेमनगर के महेशपुर के आश्रित गांव चितखई का है। जहां जंगल में परिवार झोपड़ी बनाकर रह रहा था। 11 हाथियों के दल ने झोपड़ी को भी तहस-नहस कर दिया है। जंगल के पास ही हाथी डटे हुए हैं।

**दो बच्चों को पटक-पटककर मारा**

बताया जा रहा है कि, बिखू पंडो अपनी पत्नी और 5 बच्चे के साथ झोपड़ी में सो रहा था। हाथियों का दल अचानक झोपड़ी के पास पहुंचकर तोड़ने लगा। पति-पत्नी और तीन बच्चे भाग गए, लेकिन बिसू पंडो (11) और काजल (5) गहरी नींद में थे। इसलिए भागने में देरी हो गई। हाथियों ने उन्हें पटककर मार डाला। दोनों की मौके पर मौत हो गई।

**गांव पहुंचकर परिवार ने गुजारी रात**

बिसू पंडो ने किसी तरह गांव पहुंचकर रात गुजारी और सुबह ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे, तो झोपड़ी पूरी तरह से तहस-नहस हो चुकी थी। पास ही दोनों बच्चे मृत पड़े थे। हाथियों ने झोपड़ी में रखे अनाज को भी खा लिया।

घटना की सूचना पर वन विभाग के डीएफओ आरआर पैकरा, फॉरेस्ट एसडीओ अनिल सिंह, प्रेमनगर रेंजर रामचंद्र प्रजापति सहित वन अमला मौके पर पहुंचा। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**पास ही डटे हैं हाथी**

11 हाथियों का दल उदयपुर क्षेत्र से प्रेमनगर वनक्षेत्र में पहुंचकर कई दिनों से विचरण कर रहा है। हाथियों की निगरानी में लगे दल ने पंडो परिवार को सतर्क नहीं किया था। हाथियों का दल प्रेमनगर के बिरंचीबाबा जंगल में मौजूद है। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण दहशत में है।

# पहली बार नक्सल इलाके में कैंप हटने का विरोध

## कांकेर में ग्रामीण बोले-कैंप शिफ्ट होगा तो नक्सली फिर आएंगे, रातभर धरने पर बैठे रहे

**कांकेर, एजेंसी।**



बस्तर संभाग के नक्सल इलाकों में अक्सर कैंप खुलने का विरोध होता आया है। गांव के लोग फोर्स के आने के खिलाफ खड़े होते हैं लेकिन पहली बार पुलिस कैंप हटने का विरोध हुआ है। कांकेर में कैंप के शिफ्ट होने पर रात में ग्रामीण सड़क पर उतर आए।

बताया जा रहा है कि, CSB कैंप को कहीं और शिफ्ट किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण चाहते हैं कि कैंप बंद न हो। ग्रामीणों का कहना है कि, कैंप हटने से गांव में फिर नक्सल हावी हो सकते हैं। मामला लोहत्तर थाना इलाके के दुर्गूकोंदल ब्लॉक के जाड़ेकुर्से गांव का है।

**12 गांव के लोग सड़क पर बैठे**

ग्रामीणों का कहना है कि, कैंप हटने से गांव का विकास फिर रुक जाएगा। ग्रामीणों ने सुरक्षाबल से कैंप न हटाने की मांग की है। कैंप हटाने के विरोध में करीब 12 गांव के ग्रामीण प्रदर्शन पर बैठे हैं। पहले तो आईजी और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद सभी वापस लौट गए।

इसके बाद शनिवार को सुरक्षाबल जाने की तैयारी को लेकर ट्रकों में सामान लोड कर रहे थे। यह देख जवानों को रोकने ग्रामीण फिर धरने पर बैठ गए। रात भर ग्रामीण ठंड के बीच अलाव जलाकर धरने पर बैठे रहे।

**कैंप हटाने जेसीबी लाने की तैयारी में थे जवान**

ग्रामीण संतोष जैन ने बताया कि, शनिवार शाम को कैंप हटाने जेसीबी लाया जा रहा था। सूचना मिलते ही ग्रामीण फिर धरने पर बैठे हैं। जब तक लिखित आदेश नहीं मिल जाता, तब तक धरने पर बैठे रहेंगे। क्योंकि, अब भी नक्सलियों से खतरा बना हुआ है। अंदर के गांवों में नक्सली आते हैं। कैंप हटते ही नक्सली वापस घुस आएंगे।

**4 साल पहले गायब हुआ आरक्षक नहीं मिला**

गांव वालों का कहना है कि, 4 साल पहले इलाके से एक सहायक आरक्षक गायब हुआ था। वो अब तक नहीं मिला है। गांव वालों को आशंका है, उसे नक्सली उठा ले गए हैं। पहले नक्सली जनअदालत लगाकर लोगों की पिटाई करते थे।

**कैंप शिफ्ट होगा तो हमें दिक्कत होगी**

कुछ और ग्रामीणों ने कहा कि, अब कैंप लगने के बाद ग्रामीण शांति से रहने लगे हैं। ग्रामीणों के बच्चे पढ़ाई भी करने लगे। अब हर घर से कोई न कोई 12वीं पास कर चुका है। इलाके में सड़क, पुल सहित मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को मिल रही है। कैंप चला जाएगा तो हमें दिक्कत होगी।

**2008 में खुला था सीएसबी कैंप**

कांकेर के दुर्गूकोंदल इलाके के नक्सल प्रभावित इलाके में 2008 में ष्टस्क्चकैंप खोला गया था। इस इलाके में नक्सलियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। इसे देखते हुए सरकार ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का कैंप लगाया था। कैंप लगने के बाद नक्सल वारदात में कमी आई। अब कैंप को हटाकर दूसरे इलाके में शिफ्ट किया जा रहा है।

## बलरामपुर में 16 डिग्री से भी नीचे न्यूनतम तापमान

**छत्तीसगढ़ में 3 दिन मौसम में खास बदलाव नहीं, रायपुर में बादल छाए**

**रायपुर, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक ठंड से राहत रहेगी। रात के तापमान में भी बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि बलरामपुर जिले में ठंड बढ़ने लगी है। यहां न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री पहुंच गया है। वहीं सरगुजा में भी न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि तीन-चार दिन बाद यानी 15 नवंबर के आसपास ही रात के तापमान में थोड़ी कमी आने से ठंड महसूस होगी। फिलहाल अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक रहेगा। प्रदेश के वातावरण में थोड़ी ज्यादा नमी है। इस वजह से न्यूनतम तापमान में तेजी से कमी नहीं आ रही है।

**रायपुर में ऐसा रहेगा मौसम**

रायपुर में आज सुबह से हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज दिन का तापमान 32°C और रात का तापमान 20°C के आस-पास रहने की संभावना है। राजधानी रायपुर में शनिवार को दिन का तापमान 32.6°C रिकॉर्ड किया गया। रात का पारा 20°C रहा। दोनों ही तापमान सामान्य से करीब डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा। दिन के समय 80 प्रतिशत नमी रही वहीं शाम में 54 प्रतिशत नमी रिकॉर्ड की गई।

**राजनांदगांव में 24 घंटे में करीब 2 डिग्री गिरा पारा**

प्रदेश के अधिकतर जिलों में पिछले 24 घंटे में ज्यादा पारा नहीं गिरा है। हालांकि राजनांदगांव में न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री दर्ज किया गया जो पिछले 24 घंटे से -1.9 डिग्री है। इसके अलावा कांकेर और बस्तर में भी 1 डिग्री से ज्यादा गिरावट आई है।

बलरामपुर जिले में घना कोहरा छाने से विजिबिलिटी कम हुई है। जिले में अधिकतम 28 डिग्री और न्यूनतम 15 डिग्री तक तापमान पहुंचा है। सामरीपाठ, लहसुनपाठ, सीतारामपुर पाठ जैसे इलाकों में ठंड से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

**ऐसा रहा मौसम**

शनिवार को प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.8डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया। वहीं सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 32.9डिग्री बालोद में रहा। ज्यादातर जिलों में रात का तापमान 18 डिग्री से 21 डिग्री के बीच है। वहीं अधिकतम तापमान 29 डिग्री से 33 डिग्री के बीच है। छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान स्थिर है।

# रायगढ़ में धर्मांतरण को लेकर फिर बवाल



**प्रार्थना-सभा कराने पर हिंदू संगठन पहुंचा, लगाए जय श्री राम के नारे, पादरी को थाने ले गई पुलिस**

**रायगढ़, एजेंसी।**

रायगढ़ में धर्मांतरण को लेकर मामला फिर गरमा गया है। रविवार को काशीराम चौक के पास एक घर में धर्म परिवर्तन कराने की सूचना पर हिंदू संगठन मौके पर पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। जय श्री राम के नारे लगाए।

दरअसल, गांधीनगर में पादरी साउल नागा के घर में प्रार्थना सभा चल रही थी। नारेबाजी के बीच मोहल्लेवासी भी वहां इकट्ठा हो गए और पास्टर को घर से बाहर निकालने की मांग करने लगे। शहर में डेढ़ महीने में यह चौथा मामला है।

**पास्टर को थाने लाने पर मामला हुआ शांत**

भीड़ इकट्ठा होने की सूचना मिलने पर अधिकारियों पहुंचे और पुलिस बल भी बुलाया गया। प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस ने घर के अंदर पहुंचकर पादरी से पूछताछ की। काफी हंगामे के बाद घर से पास्टर को निकालकर पुलिस थाने ले गई।

**भाजपा सरकार में ऐसे मामले बढ़ रहे- कांग्रेस**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला का कहना है कि, जब भाजपा की सरकार आई है, तब से धर्मांतरण के मामले बढ़े हैं। लालच देकर इस तरह धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जो कि गलत है। उनका कहना है कि कांग्रेस सरकार पिछले पांच साल थी, लेकिन ऐसी घटनाएं नहीं हुई। 15 साल तक भाजपा की सरकार में ही धर्मांतरण फल-फूल रहा था।

**कांग्रेस ने ऐसे लोगों को फलने-फूलने दिया- बीजेपी**

भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि, आजादी के बाद से लंबे समय तक कांग्रेस सरकार रही। कांग्रेस की सरकार ने ऐसे लोगों को फलने-फूलने का अवसर दिया। ऐसे मामले में कभी भी कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। अब धर्मांतरण भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं है।

## बस्तर फाइटर के जवान ने किया सुसाइड

**छुट्टी पर गांव गया था, सोते समय अपनी पिस्टल से मारी गोली, 2 महीने में 7वीं मौत**



**कोंडागांव, एजेंसी।**

छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में बस्तर फाइटर के जवान ने शनिवार की रात खुदकुशी कर ली। जवान ने बेड पर अपनी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। एसपी वाय अक्षय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। घटना उरन्दाबेड़ा थाना इलाके की है। मौके पर पिस्टल और मोबाइल भी बरामद किया गया है। घटना की सूचना पर फरसगांव एसडीओपी अनिल विश्वकर्मा और केशकाल एसडीओपी भूपत सिंह मौके पर पहुंच गए हैं।

**छुट्टी पर गांव गया था जवान**

बताया जा रहा है कि, जवान हरीलाल नागकी धनोरा थाने में पोस्टिंग थी। वह फरसगांव ब्लॉक के बारदा गांव का रहने वाला था। हरीलाल छुट्टी पर अपने गांव गया था, वहीं उसने खुद को गोली मारी है। फिलहाल खुदकुशी की वजह का खुलासा नहीं हुआ है।

**2 महीने के अंदर यह 7वां माामला**

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों के जवानों के सुसाइड करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले 5 जवान अपनी जान दे चुके हैं। वहीं एक पुलिस कॉन्स्टेबल की हालत गंभीर रही। इनमें SSB का कॉन्स्टेबल और CRPF का हेड कॉन्स्टेबल भी शामिल हैं।


## किराए से देना है

कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर कोरबा होटल ब्लू डायमंड के सामने प्रथम मंजिल में स्थित 3000 स्क्वायर फीट हॉल जिसमें 2 सेप्रेट वाशरूम, फाल सिलिंग, विट्रीफाइड फ्लोर एवं सुसज्जित हॉल शीघ्र किराए पर देना है। बैंक, ऑफिस कार्य, कोचिंग सेंटर, जिम आदि के लिए उपयुक्त और सुव्यवस्थित जगह।

संपर्क करें:-
गोपाल राय सोनी
अमृता ज्वेलर्स, एस.एस. प्लाजा कोरबा
मो.: 77480-44444, 88270-47777


## छत्तीसगढ़ में टाइगर को जहर देकर मार डाला:नेशनल-पार्क के ऑरेंज जोन में मिला था शव, 2 साल पहले भी सेम पैटर्न में हुई थी हत्या

**कोरिया, एजेंसी।**



कोरिया जिले के गुरुघासीदास नेशनल पार्क के ऑरेंज जोन में एक बाघ का शव मिला। पोस्टमॉर्टम के बाद शनिवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। पीसीसीएफ ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक बाघ की मौत जहर देने के कारण हुई है।

बाघ की मौत करीब 5 दिन पहले हुई थी। नेशनल पार्क और कोरिया जिले के सोनहत परिक्षेत्र की सीमा में उसका शव मिलने की जानकारी शुक्रवार को वन विभाग को मिली। कुदारी और कटवार का जंगल जहां शव मिला वो इलाका नेशनल पार्क के ऑरेंज जोन में आता है।

**पोस्टमॉर्टम में जहर देने की पुष्टि**

मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने आसपास के इलाके की बैरिकेडिंग कर इलाके की सर्चिंग की। अंबिकापुर से रात में ही PCCF वी. मातेश्वरन भी मौके पर पहुंचे। शनिवार को डॉग स्क्वायड की टीम ने भी खोजबीन की। डॉक्टरों की टीम ने बाघ के शव का पोस्टमॉर्टम किया। जिसके बाद वी. मातेश्वरन ने कहा कि प्रथम दृष्टया बाघ की मौत जहर खुरानी से होना बताया है। हालांकि कुछ जांच अभी बाकी है।

**बदला लेने की आशंका**

PCCF ने कहा कि, बाघ को व्यवसायिक दृष्टिकोण से नहीं मारा गया है, क्योंकि उसकी मूंछ, नाखून और बाकी अंग सही सलामत हैं। बदला लेने के लिए जहर दिए जाने की आशंका है। कई बार पालतू जानवरों के शिकार के कारण ग्रामीण आक्रोशित हो जाते हैं।

**5 नवंबर को देखा गया था बाघ**

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पांच नवंबर को ग्रामीणों ने नदी किनारे बाघ को लेटे देखा था। जब वहां से दुर्गंध आने लगी तो ग्रामीण पास गए। इसके बाद शुक्रवार को इसकी सूचना वन अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों के अनुसार मृत बाघ पूर्ण व्यस्क था।

बाघ के शव का विसरा फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। अधिकारियों के पास ना तो मृत बाघ का कोई रिकॉर्ड था, ना ही उसके विचरण की भी सूचना मिली थी। आशंका है कि बाघ नेशनल पार्क से होते हुए कटवार जंगल में पहुंचा था।

**टाइगर रिजर्व अधिसूचित किया गया है नेशनल पार्क**

छत्तीसगढ़ के गुरुघासीदास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभ्यारण को मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाने की अधिसूचना जारी की गई है। देश का तीसरा बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कई बाघों का विचरण होता रहता है। अभ्यारण से एक बाघ सूरजपुर सीमा पर पहुंचा है। वहीं एक बाघ बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र में विचरण कर रहा है।

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

# दिव्य आकाश

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 08 से 14 नवंबर 2024

## उदीयमान सूरज को अर्ध्य देकर सुख समृद्धि की गई कामना



# सुख सूर्य का उदय हो...



पूर्वांचल वासियों का पवित्र पर्व शुक्रवार को उदीमान सूरज को अर्ध्य देने के साथ संपन्न हो गया। व्रतियों ने परिवार, समाज, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्र की प्रगति , उन्नति, समृद्धि, सुख सम्पन्नता का आशीर्वाद मांगा। गैर पूर्वांचलवासी भी इस दिव्य पर्व पर शामिल हुए।

छठी मईय्या से व्रतियों ने आशीर्वाद मांगा कि सबके जीवन में सुख सूर्य का उदय हो। राष्ट्र फिर से विश्व गुरू बने। पूर्वांचल विकास समिति महिला मण्डल की पूर्व अध्यक्ष एवं कोरबा की लब्ध प्रतिष्ठित पंच कर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मनीषा सिंह ने बताया कि यह पर्व आध्यात्म के साथ स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है और सूर्य स्नान से हमारी काया निरोगी बनती है।

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

पूरे जिले में छठ महापर्व उदीयमान सूरज को अर्ध्य देने के साथ संपन्न हो गया। अल सुबह से ही पूर्वांचलवासी छठ घाट पहुंचे थे और भगवान सूर्य देव के दर्शन के लिए इंतजार करते रहे और जैसे ही भुवन भास्कर ने दर्शन दिये, सभी व्रती उदीयमान सूरज को अर्ध्य देने जलस्रोतों पर उतरे और अर्ध्य दिया। सभी ने अपने-अपने परिवारों की खुशहाली की कामना की और पूरे भारत में सदभाव बना रहे, इसकी भी प्रार्थना छठी मैय्या एवं भगवान भुवन भास्कर से की। सभी छठ घाटों में उल्लास और उमंग तैर रहे थे। छठी मैय्या की पूजा अर्चना के लिए पूर्वांचलवासियों के चेहरों पर मुस्कान दिख रही थी। तुलसीनगर छठ घाट में हजारों की भीड़ जमा थी और यहां की दिव्यता देखते ही बन रही थी। भाजपा नेता विकास अग्रवाल ने भी सपरिवार उदीयमान सूरज को अर्ध्य दिया और पूरे कोरबा की खुशहाली, समृद्धि की कामना की। समाज सेवी अरविंद शर्मा ने सभी की खुशहाली - समृद्धि के पवित्र पर्व पर हसदेव घाट में उपस्थित लोगों को बधाई दी।

## व्रती महिलाओं का पार्षद आरती ने चरण पखारे



तुलसीनगर छठ घाट में विकास अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्वांचल विकास समिति के सदस्य नया करने का जज्बा लिये छठी मैय्या की पूजा करते हैं। नगर पालिक निगम कोरबा वार्ड क्रमांक 2 साकेतनगर की पार्षद श्रीमती आरती विकास अग्रवाल ने यहां उपस्थित सभी व्रती महिलाओं का दूध, फूल मिश्रीत जल से चरण पखारे। यह सम्मान देखकर सभी व्रती महिलाएं आरती अग्रवाल की सौम्यता, सहृदयता और बड़पन्न को देखकर भाव विभोर हो गये और उन्हें शुभ आशीर्वाद देकर माथे पर सिंदूर लगाकर सौभाग्यवती और समृद्ध जीवन का शुभ आशीर्वाद दिया।

### विकास अग्रवाल ने सभी व्रतियों को दिया उपहार, लिया आशीर्वाद



पूर्व पार्षद और भाजपा नेता विकास अग्रवाल ने सभी व्रती महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद लिया। सभी को सूर्य षष्ठी महापर्व के आखिरी दिन सूर्य सप्तमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भी सम्मानित किया। यहां पूर्वांचल विकास समिति ने रंगोली प्रतियोगिता, पारंपरिक छठ गीत प्रतियोगिता, छठ से संबंधित प्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की थी, उन्हें भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### व्रतियों के लिए बेहतर सुविधा का प्रबंध


तुलसीनगर छठ घाट में हर साल व्रतियों की संख्या बढ़ती जा रही है। विकास अग्रवाल के नेतृत्व में तुलसीनगर पूर्वांचल विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुघन शर्मा, उपाध्यक्ष मंजीत सिंह, पारस सिंह, जयप्रकाश शर्मा, अमन विश्वकर्मा, मुन्ना सिंह, अरविंद सिंह सहित अन्य सदस्यों ने यहां की व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष शत्रुघन शर्मा ने किया। यहां उपस्थित पंडितों ने दिव्य मंत्रोच्चार के साथ सूर्य षष्ठी की पूजा संपन्न कराई।



## छठ मईय्या की महिमा अपरंपार - अरविंद शर्मा



### हसदेव घाट में अरविंद शर्मा ने लोगों के लिए की चाय की व्यवस्था : किया प्रसाद का वितरण



कोरबा पूर्वांचल समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं भूमिहार ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष तथा समाज सेवी अरविंद शर्मा सपरिवार हसदेव की पुण्य धरा पर स्थित सर्वमंगला घाट पहुंचे और छठी मईया की विधिवत पूजा अर्चना कर सप्तमी को उदयाचल सूर्य का अर्ध्य देकर पूरे कोरबा के लिए छठी मईया से शुभआशीर्वाद मांगा। हसदेव घाट में सूर्य सप्तमी को पूर्वांचल वासियों का अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिला। सर्वमंगला घाट के दोनों ओर व्रतियों ने उगते सूरज को अर्ध्य देकर चार दिवसीय छठ पर्व सम्पन्न किया। अरविंद शर्मा ने सर्वमंगला घाट में हर वर्ष की भांति लोगों के लिए चाय की भी व्यवस्था की थी और व्रतियों के लिए भव्य पंडाल का भी निर्माण कराया था। उन्होंने छठ घाट में उपस्थित सभी को सूर्य षष्ठी की शुभकामनाएं दी। लोगों ने उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद और प्रसाद लिया। श्री शर्मा ने बताया कि छठ मईया की महिमा अपरंपार है और उनकी पूजा से घर में सुख समृद्धि तथा संतान प्राप्ति के साथ संतानों को दीर्घायु प्राप्त होती है।

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के सदस्यों ने व्रतियों से लिया आशीर्वाद



छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के सदस्य छठ घाट पहुंचकर छठ महापर्व में शामिल हुए और सुख समृद्धि की कामना करते हुए छठ व्रतियों से आशीर्वाद लिया।



सौभाग्य का प्रतीक सिंदूर दान



ढेंगुरनाला में व्रतियों ने दिया उदयाचल सूर्य को अर्ध्य

उगा हे सूरज देव
भिन भिनसरवा अगर केरे
बेरवा पूजन केरे बेरवा हो...
छठ मईय्या की पारंपरिक
गीत से गूंजते रहे छठ घाट।



पत्रकार धीरज दुबे, रंजन प्रसाद ने सपरिवार की छठी मईय्या की पूजा-अर्चना।

## सभी स्वस्थ रहें, की कामना के साथ आयुर्वेद सदन पंचकर्म चिकित्सालय परिवार ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्ध्य



शुक्रवार प्रातः उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया। कोरबा के स्वास्थ्य के क्षेत्र में जीवन रेखा माना जाने वाला पंचकर्म चिकित्सालय टीपी नगर कोरबा परिवार ने भी विश्व कल्याण की भावना के साथ सभी स्वस्थ रहें, सभी समृद्ध हों, छठी मैय्या सभी की मंगल कामनाएं पूर्ण करें, की कामना के साथ उदीयमान सूरज को अर्ध्य दिया। आयुर्वेद सदन पंचकर्म चिकित्सालय की डायरेक्टर एवं लब्ध प्रतिष्ठित पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मनीषा सिंह ने बताया कि सूर्य षष्ठी का महापर्व का सिर्फ आध्यात्मिक महत्व ही नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी छठ महापर्व का विशेष महत्व है और यह आध्यात्म के साथ वैज्ञानिक परख भी हैं।

डॉ. मनीषा सिंह ने बताया कि छठी मैय्या और सूर्य देवता की पूजा मायने प्रकृति की पूजा होती है और सूर्य ऊर्जा का स्रोत माने गये हैं और चर-अचर को जीवन देने वाले सूर्य की उपासना से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। उगते सूरज के समय निकलने वाली किरण हमें निरोगी काया देती है। छठ व्रत उपवास और सूर्य उपासना का संगम है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मद्द करता है। जब हम छठ व्रत के दौरान उपवास, सूर्य स्नान और सात्विक तथा प्राकृतिक खान-पान करते है तो यह प्राकृतिक ढंग से हमारे शरीर को डिटॉक्स करता है और हमारे शरीर को लाभ मिलता है।

**पूर्वजों की बनाई परंपरा आज भी प्रासंगिक**

हम आज भले ही भौतिक युग में जी रहे हैं और भागदौड़ की जिंदगी में इतने व्यस्त हो गये हैं कि हम स्वयं के लिए समय नहीं निकाल पाते। सनातनकाल से चले आ रहे पर्व जहां हमें परंपरा को अक्षुण्ण बनाने का संदेश देते है, वहीं पर्व में हम स्वयं के लिए तथा परिवार के लिए समय निकाल पाते हैं और इससे रिश्ता मजबूत भी होता है। पर्व में जीने की कला भी सिखाते हैं। उपासना से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है और हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। छठ पर्व में सूर्य स्नान सनातन परंपरा को निर्वन करने की सीख देता है और उदीयमान सूर्य स्नान हमें लंबी आयु का वरदान देता है। वैसे तो हमें 365 दिन सूर्य स्नान करना चाहिए, इससे हमें निरोगी काया और शरीर को इम्यूनिटी पॉवर भी बढ़ाता है। सनातन परंपरा से हमारी जीवन शैली अनुशासित भी बनती है।

### महापौर भी पहुंचे छठ घाट



छठ पूजा के चौथे और अंतिम दिन निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर महापौर ने अपने साथियों के साथ सूर्य भगवान और छठी मैया की पूजा अर्चना कर नगर की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महापौर राज किशोर प्रसाद के साथ संरक्षक बी. एन.सिंह, कोरबा राजपूत समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह, भगवान यादव, अशोक यादव, डी. एन. राय, ठाकुर राजेंद्र सिंह, नंद कुमार सिंह, अखिलेश्वर उपाध्याय, रामेश्वर सिंह, महेंद्र सिंह चौहान, बालको से कृपा राम साहू, ए. डी. जोशी, आर. के. सिंह , राजेश सिंह, गिरधारी बरेठ आदि साथ में थे।



**सुविचार**

**जो दूसरों की अच्छाईयों को देखता है वही सच्चा इंसान है...।**

**चिंतन**

## नशीले पदार्थों का डंप एरिया बनता छत्तीसगढ़

उड़ीसा में गांजे का अवैध कारोबार चरम पर है। उड़ीसा से गांजे की तस्करी छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सख्त रवैय्ये के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस इस दिशा में कार्य कर रही है और सीएम के निर्देश के बाद बड़ी मात्रा में गांजे की बड़ी खेप आये दिन पुलिस जब्त कर रही है। कई प्रदेशों से नशीले पदार्थों का आवक छत्तीसगढ़ में हो रहा है, यूं कहें तो छत्तीसगढ़ नशीले पदार्थों खासकर गांजा का डपिंग एरिया बन चुका है। बड़ी-बड़ी महंगी कारों में भी गांजे की अवैध तस्करी पुलिस ने पकड़ा है। इस दिशा में और बेहतर कार्य करने की जरूरत महसूस की जा रही है,ताकि छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य ना बने और गांजा मुक्त छत्तीसगढ़ की दिशा में बेहतर कार्य हो सके। आज कल देखने में आया है कि शहर-शहर ठेलों में भी गांजा बेचते दिख जाते हैं और पुलिस कार्यवाही के बाद भी गांजा की अवैध बिक्री नहीं रूक पा रही है। इस दिशा में पुलिस को और सक्रिय होना होगा, ताकि युवा नशे की लत से अपना कैरियर बर्बाद न कर सकें।

**संपादक**

**वाह क्या टैलेंट है !**

## झुग्गी के बच्चों ने दान के कपड़ों से बनाया ब्राइडल कलेक्शन



भारत में टैलेंट की कमी नहीं है, देश के गांव और छोटे-छोटे शहरों में टैलेंट भरा पड़ा है पर जरूरत है उसे दुनिया के सामने लाने की । आज हम बताने जा रहे हैं उन टैलेंटेड बच्चों के बारे में जिन्होंने अच्छे-अच्छे फैशन डिजाइनरों को फेल कर दिया। देश के जाने-माने डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी भी यह देख हैरान रह गए और उन्होंने बच्चों को विजेता घोषित कर डाला।

कुछ दिन पहले इनोवेशन फॉर चेंज नामक एक एनजीओ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो को अब तक लाखों लोगों ने ना सिर्फ देखा है बल्कि बच्चों को टैलेंट को सराहा भी है। इस वीडियो में कुछ बच्चे एकदम सब्यसाची के कैंपेन की मॉडल की तरह सज-संवरकर तैयार नजर आ रहे हैं। इसमें सबसे पहले लाल गोटा पट्टी बॉर्डर वाली साड़ी के साथ फुल स्लीव्स ब्लाउज पहन लड़की नजर आई, जिसने हाथ में जूती पकड़ी हैं, तो सिर पर पल्लू ओढ़ काला चश्मा लगाया। वहीं, पीछे लाल कुर्ते और सफेद पजामे में लड़का नजर आ रहा है।

दूसरे लुक में जहां सब्यसाची की मॉडल लाल अनारकली पहने दिखी। जिस पर सुनहरे सितारों के साथ जरदोजी और गोटे का काम हुआ है, तो चूड़ीदार पेयर कर सिर पर दुपट्टा ओढ़ा है। कोई मॉडल प्लेन लहंगे में नजर आई तो किसी ने लहंगे पर सुनहरी बूटियां बनी हुई हैं। इतना ही नहीं सब्यसाची के मॉडल की तरह ही इन बच्चों ने जूलरी, जूलरी और आलता पर भी फोकस किया है।

इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा गया- लखनऊ स्थित 400 से ज़्यादा झुग्गी के बच्चों के साथ काम करते हैं और इन बच्चों को मुफ़्त शिक्षा प्रदान करते हैं, इन कपड़ों को हमारे छात्र ने डिज़ाइन किया है, इसमें परफॉर्म करने वाले सभी छात्र झुग्गी से हैं। ये बच्चे ग़रीब और असहाय परिवारों से आते हैं... स्थानीय लोगों और पड़ोसियों से मिलने वाले सभी कपड़ों को दान के रूप में छांटकर वे रचनात्मकता के ज़रिए डिज़ाइनर कपड़े बनाने की कोशिश करते हैं।

पोस्ट में बताया गया कि सब्यसाची का एक नया वीडियो देखने के बाद बच्चों ने हाल ही में ऐसा कुछ करने का फ़ैसला किया। झुग्गी के ही 15 साल के बच्चों ने वीडियो शूट किया था । इस वीडियो को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बच्चों ने कितनी मेहनत की है। पहली नजर में तो ऐसा ही लगता है कि हम सब्यसाची मुखर्जी का कलेक्शन देख रहे हैं। एजेंसी।

# बच्चों का कैरियर गाइडेंस

## व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारण के लिए बच्चों को छोड़ दें स्वतंत्र



अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर और कामयाब इंसान बनाने के लिए बचपन से ही उन पर पूरा फोकस करे। बचपन से ही उन्हें अच्छा करने के लिए प्रेरित करें। प्राथमिक कक्षा में एडमिशन के साथ ही पुस्तकीय ज्ञान के साथ लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करना सीखाएं। छोटी-छोटी बातों में आगे चलकर बड़ा संदेश निकलता है। जैसे खाना खाते समय यदि उसके छोटे दोस्त घर पर पहुंचते हैं, तो उन्हें भी साथ में बैठने के लिए पैरेंट्स बच्चों को समझाएं, इससे लोगों के प्रति बच्चे का प्रेम बढ़ेगा और सामुदायिक जीवन जीने के लिए प्रेरित होगा। इसके अलावा भाई-बहनों के साथ कुछ समय के लिए गपशप करने दें, एक साथ भाई-बहनों, दोस्तों के साथ खेलने दें, आसपास घूमने दें, पढ़ाई करने दें। इस तरह का माहौल मिलने से बच्चे सामुदायिक जीवन को अपनाएंगे और मन में सद्भाव बढ़ेगा।

अच्छी पढ़ाई के साथ बच्चे को सफल इंसान तो बना सकते हैं, लेकिन बेहतर इंसान बनाने के लिए अभिभावकों को भी बच्चों के सामने एक आदर्श पैरेंट्स की भूमिका निभानी होगी। पैरेंट्स को भी सामुदायिक एवं रचनात्मक कार्यों में लगा देख कर बच्चे भी अपने अभिभावक से सीखेंगे कि परिवार के साथ-साथ दूसरों को लाभ पहुंचाने के लिए किस तरह कार्य किया जा सकता है। यह ध्यान रहे कि बच्चों का रोल मॉडल उसके अपने माता-पिता ही होते हैं। समाज में आपकी जिस तरह से एक्टिविटी होगी, वैसा ही बालक सीखेगा।

### लक्ष्य निर्धारण के लिए स्वतंत्र छोड़ दें


जब बालक किशोरवय अवस्था में पहुंचता है और मीडिल-हाई स्कूल में एंट्री करता है तो वह अपना अच्छा व बुरा समझने लगता है और उसके मन में ब्याकुलता आती है कि वह आगे चलकर क्या बनेगा? किस क्षेत्र में वह अपना कैरियर बनाएगा। लक्ष्य निर्धारण के लिए पैरेंट्स अपने बच्चों पर ज्यादा दबाव न डालें और उन्हें लक्ष्य निर्धारण के लिए स्वतंत्र छोड़ दें। इस बात पर अभिभावक जरूर ध्यान दें कि बचपन से अब तक बच्चे को किस विषय पर रूचि है और उस विषय को लेकर पैरेंट्स अपने बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाएं, ताकि बच्चों को लक्ष्य निर्धारण के लिए ऊहापोह की स्थिति निर्मित न हो और वह आसानी से अपने रूचिकर विषय की ओर आगे बढ़ सके और इसी विषय को लेकर वह अपना कैरियर गढ़ने के लिए स्वतंत्र मस्तिष्क से लक्ष्य निर्धारण कर सके। आप बच्चों को लक्ष्य निर्धारिण के लिए स्वतंत्र छोड़ दें और आप देखेंगे कि बच्चा किस तरह से अपने कैरियर के प्रति गंभीर होकर आगे बढ़ रहा है।

### समूह में रहना सिखाएं

आज भौतिक युग में एकल परिवार की संख्या बढ़ती जा रही है और इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। एकल परिवार में अधिकतर माता-पिता नौकरी पेशा वाले होते हैं और अपने बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते, जिसके कारण बच्चे उद्दण्ड और गलत संगति में पड़कर भटकाव की स्थिति में आ जाते हैं और उनका कैरियर बर्बाद हो जाता है। यदि आप एकल परिवार में जी रहे हैं, तो भी बच्चों के लिए समय अवश्य निकालें और रिश्तेदारों के साथ घुलमिलकर रहना सिखाएं। सामुदायिक जीवन से बच्चों का मानसिक स्थिति बेहतर बनती है।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282



## 12 नवंबर को जागेंगे भगवान विष्णु

हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का अत्यधिक महत्व है, विशेष रूप से कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि, जिसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा के बाद जागते हैं और चातुर्मास का समापन होता है। यह तिथि विशेष रूप से धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि इसके बाद से विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन जैसी मांगलिक क्रियाएं शुरू हो जाती हैं। इस वर्ष देवउठनी एकादशी 11 या 12 नवंबर को मनाई जाएगी, और इस दिन का व्रत विशेष रूप से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है।

**12 नवंबर को देवउठनी एकादशी**

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल देवउठनी एकादशी की तिथि 11 नवंबर 2024, शाम 6.46 बजे से शुरू होगी और 12 नवंबर 2024, शाम 4.04 बजे तक रहेगी। हालांकि, उदया तिथि के अनुसार इस वर्ष देवउठनी एकादशी का व्रत 12 नवंबर को रखा जाएगा। इसलिए, इस दिन व्रती और भक्तगण भगवान विष्णु के दर्शन और पूजन के लिए विशेष रूप से 12 नवंबर को व्रत करेंगे।

**देवउठनी एकादशी पारण मुहूर्त**

देवउठनी एकादशी के व्रत का पारण (व्रत तोड़ने) का शुभ मुहूर्त 13 नवंबर 2024 को सुबह 6.42 बजे से लेकर 8.51 बजे तक रहेगा। यह मुहूर्त 1 घंटा 1 मिनट तक रहेगा, और इस दौरान भक्तगण व्रत का पारण करके अपना उपवासी व्रत समाप्त करेंगे।

**देवउठनी एकादशी पूजा विधि**

देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन की पूजा विधि कुछ इस प्रकार है-

स्नान और व्रत का संकल्प - सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और पवित्र मन से व्रत का संकल्प लें।

मंदिर की सफाई - यदि आप घर में पूजा कर रहे हैं तो भगवान के स्थान की सफाई करें।

भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का ध्यान - पूजा स्थल पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की तस्वीर या मूर्ति रखें और उनका ध्यान करें।

पंचामृत स्नान - भगवान को पंचामृत से स्नान कराएं। इसमें दूध, दही, घी, शहद और चीनी का मिश्रण होता है।

तिलक और फूल चढ़ाना - हल्दी या गोपी चंदन का तिलक करें और भगवान विष्णु को पीले फूल, मिठाई, फल और तुलसी के पत्ते चढ़ाएं।

मंत्र जप और पूजा - भगवान विष्णु के मंत्र ? नमो भगवते वासुदेवाय का जप करें। साथ ही विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें। पूजा के बाद आरती भी गाएं।

रातभर भजन और जागरण - दिनभर व्रत करने के बाद रात में भगवान विष्णु के भजन और कीर्तन करें। यह समय विशेष रूप से भक्ति भाव को और बढ़ाने के लिए होता है।


पारण के समय व्रत तोड़ना - पूजा के बाद अगले दिन सुबह पारण समय में व्रत को तोड़ें और भगवान के दर्शन करके प्रसाद ग्रहण करें।

**देवउठनी एकादशी के महत्व**

देवउठनी एकादशी का दिन न केवल धार्मिक रूप से बल्कि समाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसे प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है, क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु अपनी योग निद्रा से जागते हैं और सृष्टि के संचालन का कार्य शुरू करते हैं। इसी दिन से मांगलिक कार्यों का आरंभ होता है, जैसे विवाह, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश आदि।

इस दिन को विशेष रूप से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और शांति आती है। इसके साथ ही भक्तों का मनोवांछित फल प्राप्त होता है और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है।

# छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा देवगुड़ी स्थलों के संरक्षण और संवर्धन से सांस्कृतिक धरोहर की हो रही है पुनर्स्थापना





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देवगुड़ी को संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन स्थलों के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयासों पर जोर दिया है। उन्होंने संबंधित विभागों को इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। देवगुड़ी के संरक्षण से न केवल सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में मदद मिलेगी बल्कि इससे क्षेत्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में सैकड़ों देवगुड़ी वनसमृद्ध जनजातीय क्षेत्रों में स्थित हैं। ये स्थल जनजातीय समुदायों द्वारा पूजनीय हैं एवं राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और पारिस्थितिक संपदा का अभिन्न हिस्सा हैं। स्थानीय जनजातीय देवताओं के निवास स्थल होने के कारण ये पारंपरिक अनुष्ठानों और त्योहारों का केंद्र हैं, साथ ही ये जैव विविधता के अनूठे केंद्र भी माने जाते हैं।

छत्तीसगढ़ की देवगुड़ी में भंगाराम, डोकरी माता गुड़ी, सेमरिया माता, लोहजारिन माता गुड़ी, मावली माता गुड़ी, माँ दंतेश्वरी गुड़ी और कंचन देवी गुड़ी जैसे नाम शामिल हैं। ये सभी देवगुड़ी स्थानीय जनजातीय समुदायों की आस्थाओं में विशेष स्थान रखती हैं और प्रत्येक का अपना विशिष्ट महत्व है।

छत्तीसगढ़ वन विभाग संयुक्त वन प्रबंधन, कैंपा, छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड एवं राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से इन पवित्र देवगुड़ियों के संरक्षण में सक्रिय रूप से प्रयासरत है। अब तक विभाग द्वारा 1,200 से अधिक देवगुड़ी स्थलों का दस्तावेजीकरण और संरक्षण किया जा चुका है, ताकि इन पारिस्थितिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव, आईएफएस ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप जी छत्तीसगढ़ के वनसमृद्ध जनजातीय क्षेत्रों से संबंध रखते हैं। उनके नेतृत्व में वन विभाग देवगुड़ी स्थलों के संरक्षण के लिए समर्पित है। ये प्रयास राज्य में सतत् वन प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण के हमारे व्यापक मिशन के अनुरूप हैं।

देवगुड़ी के उपवन पारिस्थितिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। ये दुर्लभ, संकटग्रस्त, और स्थानीय वनस्पति प्रजातियों का आश्रय स्थल हैं, जहाँ इनका संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। ये स्थल मृदा अपरदन को रोकने में सहायक भी हैं। जनजातीय समुदायों का मानना है कि इन पवित्र स्थलों की रक्षा देवताओं द्वारा की जाती है, इसलिए यहाँ पेड़ काटना, शिकार करना या किसी जीव को हानि पहुँचाना वर्जित है। इन उपवनों से जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक पहचान गहराई से जुड़ी हुई है और ये उनकी पारंपरिक प्रथाओं को जीवित रखते हैं। मड़ई, हरेली, और दशहरा जैसे त्योहारों पर यहाँ विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं, एवं नवविवाहित जोड़े यहाँ आकर स्थानीय देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

देवगुड़ी स्थलों की पर्यावरणीय और सांस्कृतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा यहाँ विशेष भूनिर्माण कार्य किए गए हैं, जिनमें पगडंडियों का निर्माण, बाड़बंदी, और पर्यावरण के अनुकूल संरचनाएँ शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि वन विभाग स्थानीय जनजातीय के सहयोग से देवगुड़ी के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय रूप से प्रयासरत है। इस पहल के अंतर्गत बड़ी संख्या में स्थानीय वनस्पति प्रजातियों का रोपण किया जा रहा है और पारंपरिक त्योहारों का पुनर्जीवन किया जा रहा है।

राज्य जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव राजेश कुमार चंदेले आईएफएस ने बताया कि इन उपवनों की जैव विविधता को पुनर्जीवित करने के लिए वन विभाग द्वारा साल, सागौन, बांस, हल्दू, बहेड़ा, सल्फी, आंवला, बरगद, पीपल, कुसुम बेल, साजा, तेंदू, बीजा और कई औषधीय पौधों जैसी देशी प्रजातियाँ लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि ये स्थल सांप, मोर, जंगली सुअर और बंदरों जैसे विविध वन्यजीवों के लिए समृद्ध पारिस्थितिक आवास प्रदान करते हैं। साथ ही जनजातीय समुदायों के बीच गैर विनाशकारी कटाई प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

राज्य जैव विविधता बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नीतू हरमुख ने बताया कि छत्तीसगढ़ के देवगुड़ी स्थलों को राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के लोक जैव विविधता पंजिका में आधिकारिक रूप से पंजीकृत किया जा रहा है। साथ ही इन पवित्र उपवनों की जैव विविधता का दस्तावेजीकरण करने के लिए शोध कार्य किए जा रहे हैं। हालाँकि, शहरीकरण, परंपरागत विश्वासों में कमी, अतिक्रमण, खरपतवार, पशुओं की चराई, और जलाऊ लकड़ी का संग्रह जैसी चुनौतियाँ इन उपवनों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही हैं। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ वन विभाग इनकी जैव विविधता और सांस्कृतिक महत्ता को संरक्षित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

जसं छग.


सबसे पहले
लाइफ इंश्योरेंस
जीवन के साथ भी
जीवन के बाद भी...
एलआईसी का
जीवन
उत्सव
उत्सव
मनाने का
गारंटीड तरीका
Plan No.: 871
UIN: 512N363V01
आजीवन गारंटीड रिटर्न
के साथ
ऑनलाइन भी उपलब्ध
पूर्ण आयु जीवन बीमा एवं लाभ भुगतान के विकल्प
सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष
प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत वृद्धि
नियमित आय लाभ / फ्लेक्सी आय लाभ
न्यूनतम मूल बीमा राशि 5 लाख
एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, बचत, पूर्ण आयु जीवन बीमा योजना
एलआईसी है तो कहीं
और क्यों जाना...
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
सभी नई पॉलिसियों की अधिक जानकारी के लिए आज ही संपर्क करें-
सालिक राम राजवाड़े
(बीमा अभिकर्ता)
वेदांत बीमा सेवा केंद्र
कार्यालय : प्रेस क्लब तिलक भवन के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
निवास : सत्यनारायण मंदिर के पास, पोड़ी बहार कोरबा, मो.नं.-90987-52955

# छठ महापर्व : तुलसीनगर छठघाट में रामलला- भगवान भुवन भास्कर एवं छठी मईया की महा आरती ने बांधा समां

## सपरिवार पहुंचे विकास अग्रवाल, गोपाल मोदी , ऋतु चौरसिया सहित कई दिग्गज पहुंचे छठघाट



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

पूर्वांचलवासियों का पवित्र पर्व सूर्य षष्ठी के तीसरे दिन आज अस्ताचल सूर्य को अर्ध्य देकर व्रतियों ने छठी मैय्या की पूजा अर्चना की। तुलसीनगर छठघाट में आध्यात्म की दिव्यता देखने को मिली। नगर पालिक निगम कोरबा वार्ड क्रमांक 2 साकेतनगर के पूर्व पार्षद विकास अग्रवाल के नेतृत्व में तुलसीनगर छठघाट को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था और व्रतियों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान की गई थी, जिसके कारण यहां हजारों की संख्या में पूर्वांचलवासी छठी मैय्या को पूजा अर्चना करने पहुंचे थे।

**महाआरती में शामिल हुए सैकड़ों लोग**

इस बार मंच पर दो सूर्य देव के बीच में भगवान रामलला के तैल्य चित्र को विशाल रूप देकर मण्डप बनाया गया था। भगवान रामलला-भगवान भूवन भास्कर एवं छठी मैय्या की महाआरती की गयी। इस महाआरती में सपरिवार विकास अग्रवाल, गोपाल मोदी, ऋतु चौरसिया सहित भाजपा-कांग्रेस के कई दिग्गज पहुंचे और महाआरती में शामिल होकर कोरबा के वैभव के लिए प्रार्थना की।

**आरती एवं विकास अग्रवाल ने बधाई**

तुलसीनगर छठघाट में तुलसीनगर पूर्वांचल विकास समिति ने विकास अग्रवाल के नेतृत्व में सूर्य षष्ठी समारोह का आयोजन किया गया है। आरती अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल ने सभी बड़ों का आशीर्वाद लिया और सभी को सूर्य षष्ठी की बधाई दी और शुभकामनाएं प्रेषित की।









अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तुलसी छठ घाट में भव्य और विशाल रामलला के लिए पण्डाल बनाया गया था, जहां भव्य महाआरती की गई। विकास अग्रवाल के साथ समिति के सदस्यों ने इस बार इसे नया किया।

### स्वयं चाय बनाने लगे विकास अग्रवाल



छठ घाट में उपस्थित लोगों के लिए विकास अग्रवाल समिति के सदस्यों के साथ स्वयं चाय बनाने में लगे रहे। उनका सेवा भावी कार्य देखकर उपस्थित लोगों ने उत्सुकता भी दिख रही थी और उन्हें देखकर अन्य लोग भी इस कार्य में जुट गए।

### 27 साल से छठ मईय्या की पूजा कर रहीं प्रेमलता अग्रवाल



विकास अग्रवाल के साथ उनकी माताश्री श्रीमती गायत्री अग्रवाल, चाची- श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल, धर्मपत्नी- श्रीमती आरती अग्रवाल ने भी छठ माता की पूजा अर्चना की। श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल ने बताया कि वे गत 27 वर्षों से छठ घाट पहुंचती हैं और माता छठी मईय्या से घर की खुशहाली, समृद्धि, प्रगति, यश कीर्ति के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगती हैं। तुलसी नगर छठ घाट से पहले वे सर्वमंगला घाट जाकर छठी मईय्या की पूजा में शामिल होती रहीं।

## पाली क्षेत्र में भक्ति भाव से मना सूर्योपासना का महापर्व छठ



**पाली ( दिव्य आकाश )।**

नगर पंचायत पाली मे भी छठ पर्व जो मंगलवार को नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व प्रारंभ हुआ था, वह शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के चौथे दिन व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद व्रतियों ने अन्न जल ग्रहण कर 'पारण' किया।

नगर पंचायत पाली के नौकोनिया तालाब के शिव मन्दिर घाट में शुक्रवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। पाली में भी पूर्वांचल के लोगों की संख्या काफी है। छठ घाट पर छठ पूजा करने ऐसे अनेक श्रद्धालु आए जो अपने घर नहीं जा पाए. उन्होंने पाली में ही धूमधाम के साथ यह पर्व मनाया। श्रद्धालुओं ने बताया कि वंश वृद्धि और परिवार की सुख कामना के लिए यह पर्व करते हैं। जिसमें सूर्य भगवान की आराधना करते हैं और आज उगते हुए सूर्य को अर्घ दिया गया। शुक्रवार को तड़के सुबह से ही पाली में श्रद्धालुओं ने आकाश में सूर्य की लालिमा के साथ ही भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। पूर्वांचल व्रतियों के साथ मे स्थानीय लोगों ने भी बड़ी संख्या में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचे. पूर्वांचल के मुख्य पर्व पर तौर पर मनाए जाने वाले छठ पर्व को लेकर चार दिनों तक पूरा पाली भक्तिमय रहा।



## मदनपुर टोल प्लाजा पर नहीं रुक रही अवैध वसूली

**पाली ( दिव्य आकाश )।**

राष्ट्रीय राजमार्ग 130 मे बिलासपुर-कटघोरा के बीच NHAI के नियम विरुद्ध स्थापित मदनपुर टोल प्लाजा में अवैध वसूली का सिलसिला जारी है। लोगों ने कलेक्टर कोरबा सहित विभागीय अधिकारियों को इस पर अंकुश लगाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि शुल्क नियम 2008 के मुताबिक दो समीपवर्ती टोल प्लाजा के बीच की दूरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए। इस संबंध में भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सदन में बताया भी है कि 60 किलोमीटर के अंदर अगर टोल टैक्स की वसूली हो रही है तो यह अवैध है.इसके बावजूद हाईवे मे बेलतरा से कटघोरा के बीच दो टोल प्लाजा लिम्हा और मदनपुर स्थापित कर वाहनों से टोल टैक्स वसूला जा रहा है इन टोल प्लाजा की अधिकतम दूरी महज 40 किमी है.नियम विरुद्ध वसूली के बावजूद प्रशासनिक चुप्पी से टोल कर्मियों के हौसले बुलंद है। प्रतिदिन जिम्मेदार अधिकारी और ज़न प्रतिनिधि गुजरते हैं इसके बावजूद आमजन आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। बेलतरा से कटघोरा वनोपज लेकर जाने वाले व्यापारियों को 40 किमी की दूरी पर 2 बार टैक्स देना पड़ रहा है। इसे लेकर आक्रोश और असंतोष व्याप्त हो रहा है. पूर्व में भी शिकवे शिकायत के बावजूद कोई राहत नहीं मिली है।




**राखड़ वाहनों से ओवरलोड के नाम पर वसूली**

जिले के प्लांटों से बड़ी मात्रा में राखड उत्सर्जित होता है. इसके निष्पादन के लिए ऐस ब्रिक्स प्लांट अथवा अन्य को दिया जा रहा है लेकिन टोल से गुजरने पर ओवर लोड के नाम एक हजार का अतिरिक्त वसूली जुर्माने के तौर पर किया जा रहा है. इस मनमानी के कारण बिलासपुर जिले के कई ट्रांसपोर्ट, ब्रिक्स संचालक कोरबा जिले में वाहन नहीं भेज रहे हैं. कुछ प्लांट में तकनीकी कारण से लोड राखड का मापन नहीं हो पा रहा है जिसके कारण कभी कम या ज्यादा लोड हो जाता है. जिससे अवैध वसूली का बहाना मिल जाता है. पाली सोनकर ब्रिक्स के अनुसार इस ज्यादती,मनमानी के खिलाफ कलेक्टर सहित NHAI के अधिकारियों को ध्यानाकर्षण कराते हुए अवैध वसूली पर अंकुश लगाने की मांग की गई है।

## बिना कोचिंग भी मिलती है सफ़लता : गीतांजली ने सब इंस्पेक्टर में चयनित होकर लिखी सफ़लता की नयी इबादत


**पाली ( दिव्य आकाश )।** शिक्षा के व्यवसायी करण के इस दौर में अगर कोई ऐसी खबर निकलकर आपके सामने आए जो आपको उत्साहित और प्रेरित कर दे तो इसे आप महज संयोग ही मानेंगे और उसे जानने के उत्सुक होंगे। कहा जाता है कि कहानी समाज के सुदूर कोने से निकलकर आती है और व्यापक परिवेश में अपना प्रभाव छोड़ जाती है। हम भी आपको एक ऐसी ही व्यक्तित्व से मिलाते हैं जो पूर्णत: ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी और आज सफलता के मुकाम पर अपना झंडा फहराने को तैयार है। नाम है गीतांजलि कँवर! इसका चयन हुआ है छत्तीसगढ़ राज्य के पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर, जो विगत 6 साल के बाद लंबे इंतजार के बाद फलीभूत हुआ और आखिरकार कड़ी मेहनत और लगन से अब इसकी हकदार बन चुकी हैं।

कोरबा जिले के आदिवासी विकासखंड और तहसील पाली के ग्राम पंचायत केराझरिया की आज पहचान और शान बनकर उभरी यह बच्ची आदिवासी कँवर समाज का प्रतिनिधित्व करती है। पूर्णत: ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी और सामाजिक संस्कारों में अग्रणी इस बालिका ने यूं ही अपनी सफलता का रास्ता तय नहीं किया है इसके पीछे उसकी कड़ी मेहनत, लगन, संघर्ष और गजब का आत्मविश्वास है, जो इसकी सफ़लता से झलकता भी है। संसाधनों और अभावों के बीच सामान्य कृषक परिवार की इस बेटी ने गणित विषय लेकर स्नातक किया



और भौतिक में स्नातकोत्तर किया है। विगत दो वर्षों से छग पीएससी का मेंस परीक्षा दिलाकर लगातार प्रशासनिक पद हेतु प्रयास जारी रखा। इस बीच इसने महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) भी भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक साइंस विषय लेकर उत्तीर्ण कर लिया है। शेष पृष्ठ-7 पर

र्‍यूमीकैप (RHEUMICAP)




र्‍यूमीकैप वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, र्‍यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौल, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।

Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900

आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श

सीएसईबी चौक | स्टेडियम रोड | ट्रांसपोर्ट नगर चौक | मुड़ापार रोड

गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।

पतंजलि | श्रीश्री AYURVEDA | बैद्यनाथ | Dabur | ZANDU

डॉ. वाय. भारद्वाज (एम.डी.) (एन.एम.)

शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध

सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता





एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...

शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक

शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

# अस्तु ददामिः असम के सीमावर्ती गांवों में संस्कृत को मिला नया जीवन



**दिसपुर,एजेंसी।**

संस्कृत भाषा हमारे देश की प्राचीन भाषा है। जिसका उपयोग ग्रंथों में सबसे ज्यादा किया गया है और आज भी इस भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। इस संस्कृति भाषा से जुड़ा एक किस्सा है जिसकी असम के साथ कई राज्यों में चर्चा हो रही है।

बता दें कि पटियाला बस्ती के एक ग्रामीण अमलेंदु ने एक किलो आलू मांगते हुए कहा, एक किलो परिमितम अलूकम ददातु। जिसके बाद दुकानदार अकबर ने जवाब दिया-अस्तु ददामि (ले लो)। यह आदान-प्रदान, दैनिक जीवन का एक दृश्य, उन कई में से एक है जहाँ संस्कृत दक्षिणी असम के करीमगंज में बांग्लादेश की सीमा के पास अनिपुर बस्ती और पटियाला बस्ती में संचार का एक अभिन्न अंग बन गई है।

वहीं एक मुस्लिम बहुल जिला जहां आधिकारिक भाषा असमिया है और मूल भाषा बंगाली है। यहां 5,000 साल पुरानी भाषा केवल पाठ्यपुस्तकों में एक विषय नहीं है, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में धाराप्रवाह बोली जाने वाली भाषा है। ग्रामीण एक-दूसरे को दोस्ताना नमस्कारम के साथ बधाई देते हैं जबकि कॉल करने वाले एक-दूसरे से पूछते हैं, भवन कथम अस्ति (आप कैसे हैं) ? जिसका जवाब है, सम्यक अस्मि (मैं ठीक हूं)। पटियाला में भी पुनरुत्थान हो रहा है, जहां कम से कम 50 निवासी संस्कृत में धाराप्रवाह हैं।

जानकारी के लिए बता दें कि अनिपुर बस्ती के 400 निवासियों में से लगभग 300 लोग संस्कृत में सहजता से बातचीत करते हैं, प्राचीन भाषा में व्यवसाय और व्यक्तिगत कॉल भी करते हैं। वहीं स्थानीय स्कूल शिक्षक और अनिपुर निवासी सुमन कुमार नाथ को गांव की भाषाई यात्रा पर गर्व है। इस मौके पर उन्होंने कहा, देश की सबसे पुरानी भाषा होने के नाते, संस्कृत एक बहुत ही समृद्ध भाषा है और हमारे प्राचीन ज्ञान का भंडार है। नाथ के लिए, संस्कृत न केवल विरासत का सम्मान करने का एक तरीका है, बल्कि भाषा में निहित ज्ञान तक पहुंचने का एक साधन है। नाथ का स्कूल, जिसमें 20 मुस्लिम छात्रों सहित 200 बच्चे पढ़ते हैं, सभी छात्रों को संस्कृत में बातचीत करना सिखाता है। बता दें कि कक्षा 1 से 10 तक हर बच्चा संस्कृत सीखता है। पुनरुद्धार लगभग नौ साल पहले शुरू हुआ, जब ग्रामीणों ने संस्कृत को दैनिक जीवन में फिर से शामिल करने के उद्देश्य से कार्यशालाओं और शैक्षिक कार्यक्रमों में भाग लिया। संस्कृत सीखने के लाभ ध्यान देने योग्य हैं, खासकर शिक्षा में। इसी मामले में पटियाला बस्ती निवासी दीपन नाथ ने कहा कि संस्कृत को अपनाने से छात्रों के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

## किश्तवाड़ मुठभेड़ में 3 जवान घायल, इलाके में 3-4 आतंकी घिरे होने की आशंका

**किश्तवाड़, एजेंसी।**

किश्तवाड़ पुलिस स्टेशन के केशवान इलाके में तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि गोलीबारी में तीन जवान घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इलाके में 3-4 आतंकी घिरे होने की आशंका है। खबर लिखे जानें तक अभियान जारी था। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।




## ग्रीन और स्वच्छ महाकुंभः प्लास्टिक होगी बैन...दोने पत्तल और कुल्हड़ के खुलेंगे स्टॉल

**प्रयागराज , एजेंसी।**

महाकुंभ 2025 को सरकार स्वच्छ और ग्रीन महाकुंभ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में महाकुंभ 2025 को पूरी तरह प्लास्टिक फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम योगी की आकांक्षा के मुताबिक महाकुंभ के दौरान पूरे प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। महाकुंभ में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह बैन करने के साथ ही प्राकृतिक उत्पाद दोना, पत्तल, कुल्हड़ और जूट व कपड़े के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए मेला क्षेत्र में ही जूट व कपड़े के थैले, दोने,पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल खोले जाएंगे। इसके लिए निविदा भी जारी की गई है।

**पूरे मेला क्षेत्र में होगी सप्लाई**

प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर महाकुंभ के दौरान प्लास्टिक के सामनों के विकल्प के तौर पर प्राकृतिक उत्पादों का प्रयोग करने के स्टॉल लगाने की योजना है। इसके लिए महाकुंभ में दोने, पत्तल, कुल्हड़ व कपड़े या जूट के थैलों के स्टॉल लगाने की निविदा जारी की गई है। इन स्टॉल से महाकुंभ के दौरान प्राकृतिक उत्पादों की सप्लाई पूरे मेला क्षेत्र में की जाएगी। साथ ही महाकुंभ के दौरान दुकानदारों को भी प्राकृतिक उत्पादों का ही प्रयोग करने का निर्देश जारी किया गया है। महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

**प्लास्टिक फ्री महाकुंभ बनाने का अभियान शुरू**

प्लास्टिक फ्री महाकुंभ अभियान में तेजी लाने के लिए प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शहर को विभिन्न जोन में बांटते हुए हर जोन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जो अपने जोन को स्वच्छ और प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए कार्ययोजना के तहत काम करेंगें।

# मोदी सरकार ने कचरे से भी कर ली मोटी कमाई स्वच्छता अभियान में बेचा 650 करोड़ का कबाड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



केंद्र सरकार ने हाल में संपन्न स्वच्छता अभियान के दौरान कबाड़ के निपटान से 650 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। बयान में कहा गया कि सरकार द्वारा 2021-24 के दौरान चलाए गए विशेष अभियानों में कबाड़ के निस्तारण से 2,364 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विशेष अभियान 4.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान है और इसमें कई बेहतरीन अभ्यास एवं उपलब्धियां देखने को मिली हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों से प्रेरित होकर स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया गया।

कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है, ''विशेष अभियान 4.0 ने 2-31 अक्टूबर, 2024 की अवधि में 650 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया।'' इसमें कहा गया है कि विशेष अभियान 4.0 के तहत 5.97 लाख से अधिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाए गए और इसके परिणामस्वरूप प्रभावी कार्यालय उपयोग के लिए 190 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई।

सिंह ने कहा कि हर गुजरते साल के साथ, विशेष अभियान का आकार और पैमाना बढ़ रहा है और 2024 में 5.97 लाख से अधिक स्थलों को इसमें शामिल किया गया, जबकि 2023 में यह संख्या 2.59 लाख थी।

सिंह ने विशेष अभियान 4.0 के तहत केंद्रीय सचिवालय में लंबित मामलों में कमी की सराहना की, जिसमें अधिकांश मंत्रालयों/विभागों ने 90-100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किए। उन्होंने सभी अधिकारियों से पूरे वर्ष विशेष अभियान 4.0 की गति को जारी रखने और इसे जीवन का तरीका बनाने का आह्वान किया।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

# फ्री बिजली, 500 में सिलेंडर और जातीय जनगणना का वादा,एमव्हीए ने जारी किया घोषणापत्र



**मुंबई एजेंसी।**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं और इस बीच महाविकास अघाड़ी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इस घोषणापत्र के माध्यम से उन्होंने कई महत्वपूर्ण वादे किए हैं, जो महाराष्ट्र के विकास और आम जनता की भलाई से जुड़े हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणापत्र जारी करते हुए मौजूदा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और महाविकास अघाड़ी सरकार की योजनाओं का विवरण दिया।

**मल्लिकार्जुन खरगे का बयान**

मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने संबोधन में कहा, आज हम महाराष्ट्र के चुनाव के लिए घोषणापत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। इससे पहले हमने पांच गारंटी दी थीं, जो हम अपनी सरकार बनने पर पूरी करेंगे। महाराष्ट्र और मुंबई को लेकर देश की नजरें लगी हुई हैं, क्योंकि यह चुनाव देश के भविष्य को आकार देने वाला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार असंवैधानिक और अनैतिक है। महाविकास अघाड़ी की सरकार बनाकर एक स्थिर और विकासशील सरकार लाई जाएगी, जो किसानों और खेती के विकास के लिए काम करेगी।

**महाविकास अघाड़ी की 5 गारंटी**

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि महाविकास अघाड़ी सरकार बनने के बाद पांच महत्वपूर्ण गारंटियां दी जाएंगी।

मुफ्त बिजली- 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी।

महिला सशक्तिकरण- महिलाओं को मुफ्त बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

किसानों के लिए योजनाएं- 3 लाख किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा और उन्हें 50,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

बेरोजगारों के लिए स्टायपेंड- बेरोजगार युवाओं को 4,000 रुपये का स्टायपेंड मिलेगा।

स्वास्थ्य बीमा- 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा सभी के लिए लागू किया जाएगा।

**100 दिनों में लागू की जाने वाली योजनाएं**

खरगे ने यह भी कहा कि महाविकास अघाड़ी की सरकार बनने के बाद पहले 100 दिनों में कई योजनाओं को लागू किया जाएगा, जिनमें प्रमुख हैं- 500 रुपये में 6 गैस सिलेंडर- हर परिवार को सालाना 6 गैस सिलेंडर 500 रुपये में मिलेंगे। निर्भया महाराष्ट्र नीति महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निर्भया नीति बनाई जाएगी।

**आरक्षण और जातीय जनगणना**

मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी वादा किया कि उनकी सरकार बनने के बाद राज्य में आरक्षण को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिशन 2030 के तहत राज्य में समृद्धि लाने के लिए कई अहम कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा, महाविकास अघाड़ी सरकार बनने के बाद जातीय जनगणना कराई जाएगी, ताकि समाज के हर वर्ग को सही तरीके से अवसर मिल सके और जो लोग वंचित हैं, उन्हें मदद मिल सके।

**दी जाएगी समानता और अवसर**

खरगे ने यह भी कहा कि उनकी सरकार डेली वेजेस और कॉन्ट्रैक्ट लेबर की प्रथा को खत्म करेगी, ताकि सभी को समान अवसर मिले। उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर व्यक्ति को बराबरी का अवसर मिले और सभी के अधिकारों की रक्षा की जाए।

महाविकास अघाड़ी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपनी योजनाओं का स्पष्ट रोडमैप पेश किया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि इस घोषणापत्र के माध्यम से उनकी पार्टी राज्य के प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए काम करेगी। उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि महाविकास अघाड़ी की सरकार आने के बाद राज्य में विकास, समृद्धि और समानता लाने के लिए काम किया जाएगा

## भारतीयों को बड़ा झटकाः अब हफ्तों में नहीं, महीनों में मिलेगा कनाडा का स्टडी वीजा, पूरी करनी होंगी ये शर्तें



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कनाडा ने 2018 से लागू किए गए स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम प्रोग्राम को बंद करने का फैसला लिया है। यह प्रोग्राम भारतीय और अन्य देशों के विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट वीजा प्राप्त करने में तेज़ी लाने का काम करता था। अब इस प्रोग्राम के बंद होने से कनाडा का स्टडी वीजा प्राप्त करने में महीनों का समय लग सकता है, जबकि पहले यह 6 हफ्ते में मिल जाता था। इस फैसले से भारतीयों समेत 14 देशों के छात्रों को बड़ा झटका लगा है। खासकर पंजाब राज्य के करीब 50,000 छात्रों को इससे परेशानी हो सकती है, जो पहले इस प्रोग्राम के तहत कनाडा जा रहे थे। 2022 में कनाडा पढ़ने गए 80त्न भारतीयों ने इस प्रोग्राम के जरिए वीजा हासिल किया था।

**कनाडा के इस फैसले से प्रभावित होने वाले देश**

कनाडा ने यह फैसला भारतीय छात्रों के अलावा पाकिस्तान, चीन, नाइजीरिया और अन्य देशों के छात्रों पर भी असर डालने वाला है। इसके अलावा कनाडा ने नाइजीरिया स्टूडेंट एक्सप्रेस स्ट्रीम भी बंद कर दी है, जिससे नाइजीरिया के छात्रों को भी मुश्किल हो सकती है। अब कनाडा में स्टूडेंट वीजा प्राप्त करने के लिए सभी छात्रों को समान प्रक्रिया से गुजरना होगा।

कनाडा सरकार का कहना है कि यह कदम उन्होंने दुनियाभर के सभी छात्रों को समान अवसर देने के उद्देश्य से उठाया है। पहले यह स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम केवल कुछ देशों के लिए था, लेकिन अब यह सभी छात्रों के लिए समान रूप से लागू होगा।

**अब स्टडी वीजा कैसे मिलेगा ?**

अब स्टूडेंट्स को स्टडी वीजा के लिए स्टैंडर्ड एप्लिकेशन प्रोसेस के तहत आवेदन करना होगा। इस प्रक्रिया में 4 से 6 महीने या उससे अधिक समय लग सकता है। इसके साथ ही रिजेक्शन रेट भी ज्यादा हो सकता है। SDS प्रोग्राम के तहत रिजेक्शन रेट 10 प्रतिशत से भी कम था, जबकि सामान्य प्रक्रिया में यह रेट 25 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

**एसडीएस प्रोग्राम को क्यों किया गया बंद**

एसडीएस प्रोग्राम को 14 देशों के छात्रों के लिए स्टडी वीजा आवेदन में तेजी लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। यह एक फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया थी, जिससे छात्रों को सिर्फ 20 दिनों में वीजा मिल जाता था। 6 साल तक इस प्रोग्राम के जरिए वीजा प्राप्त करने में केवल 6 हफ्ते का समय लगता था। लेकिन अब कनाडा सरकार ने आवास की कमी, अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या पर नियंत्रण और अन्य संसाधनों की स्थिति को देखते हुए इस प्रोग्राम को बंद करने का निर्णय लिया है।

इस साल कनाडा सरकार ने 2025 तक 4,37,000 नए स्टडी परमिट की सीमा तय की है, जिसमें पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम और अन्य शैक्षिक स्तरों को भी शामिल किया गया है। नए नियमों के तहत वीजा प्रोसेसिंग और भी सख्त हो सकती है।

**कनाडा के पीएम ट्रूडो का खालिस्तान मुद्दे पर बयान**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 8 नवंबर को पहली बार यह स्वीकार किया कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक मौजूद हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ये लोग पूरे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते। ओटावा में एक दिवाली समारोह के दौरान उन्होंने यह बयान दिया। इसके अलावा ट्रूडो ने यह भी कहा कि कनाडा में कई हिंदू भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थक हैं, लेकिन वे पूरे कनाडाई हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। ट्रूडो के इस बयान से भारत का यह आरोप और मजबूत हो गया है कि कनाडा सरकार खालिस्तानी समर्थकों को पनाह दे रही है।

# झारखंड में पीएम मोदी ने भरी हुंकारः कहा- झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत गठबंधन द्वारा बनाए गए भर्ती माफिया को जेल भेजा जाएगा

**रांची, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज झारखंड दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने बोकारो में एक चुनावी रैली में झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा, उनके (जेएमएम) नेता रेत खनन के जरिए करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। उनके पास से नोटों के पहाड़ मिले हैं। कहां से आए ये नोट? क्या यह आपका पैसा नहीं है? क्या यह आपसे लूटा हुआ पैसा नहीं है?

**युवाओं के भविष्य से खेलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोकारो में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, मैं आप से (लोगों से) वादा करना चाहता हूं कि सरकार बनने के बाद इन भ्रष्ट लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे, हम इस लड़ाई को जन-जन तक ले जाएंगे। आपका पैसा आप पर ही खर्च होगा। नरेंद्र मोदी ने कहा, झारखंड में हमारा एक और लक्ष्य है, जेएमएम-कांग्रेस ने जो पेपर लीक माफिया और भर्ती माफिया बनाए हैं, उन पर हमला किया जाएगा। उनमें से एक-एक को ढूंढ निकाला जाएगा और जेएमएम में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को जेल में डालो। मोदी उनके मंसूबों को नष्ट कर देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं झामुमो नीत गठबंधन के 'भ्रष्ट नेताओं को कड़ी सजा दिलाने का वादा करता हूं। मोदी ने कहा कि झामुमो नीत गठबंधन द्वारा बनाए गए भर्ती माफिया को जेल भेजा जाएगा, युवाओं के भविष्य से खेलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मोदी आपके लिए जीता है, आपको सस्ती कीमत पर पाइप गैस कनेक्शन मुहैया कराया जाएगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं ताकि हमारे सैनिकों को फिर से आतंकवाद का सामना करना पड़े। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को दफना दिया, सात दशकों तक वहां आंबेडकर का संविधान लागू नहीं था।

**कांग्रेस अब तक लोकसभा में 250 सीट भी नहीं जीत पाई है**

प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को तोड़कर उन्हें छोटी-छोटी जातियों में बांटना चाहती है। उन्होंने झारखंड की जनता को एकजुट रहने का संदेश देते हुए 'एक हैं तो सेफ (सुरक्षित) हैं का नारा भी बुलंद किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद समाज के इस बिखराव का चुनावी फायदा उठाया और केंद्र में सरकारें बनाती रही। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस हमेशा से एससी (अनुसूचित जाति), एसटी(अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी की एकजुटता की घोर विरोधी रही है। आजादी के बाद जब तक एससी, एसटी और ओबीसी समाज बिखरा रहा, कांग्रेस 'बांटो और राज करो के सिद्धांत के जरिये केंद्र में सरकारें बनाती रही, लेकिन जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए...कांग्रेस फिर पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में अपनी सरकार नहीं बना पाई। मोदी ने लोगों से इस 'गणित को समझने का अनुरोध किया ।

## शीतला पेट्रोल पंप का लाईसेंस निरस्त : पेट्रोल-डीजल का क्रय-विक्रय बंद

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले के अंतिम छोर में बसा कनकी में संचालित शीतला पेट्रोल पंप का लाईसेंस निरस्त कर दिया गया है और रविवार से यहां पेट्रोल-डीजल एवं अन्य पेट्रोलियम पदार्थ का क्रय-विक्रय प्रशासन ने बंद कर दिया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कोरबा के पत्र क्र.15946 दिनांक : 8.11.2024 में संचालक नूतन राजवाड़े को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन संचालक ने संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया, जिसके कारण अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने उक्त पेट्रोल पंप का लाईसेंस निरस्त कर दिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम कनकी तह. बरपाली स्थित शीतला फ्युल्स पेट्रोल पंप का आंशिक हिस्सा शासकीय भूमि पर किए जाने तहसीलदार ने प्रकरण दर्ज किया था। जिला दण्डाधिकारी के अनुमोदन पश्चात अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने नूतन राजवाड़े को पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, जवाब संतोषजनक न मिलने के कारण प्रशासन ने लाईसेंस निरस्त कर दिया है।

जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि आवेदक संस्था, मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड बिलासपुर के पत्र क्रमांक- आर.आर./एएस/बीएसपी आरओ/ 828 दिनांक 16.12.2019 के आधार पर ग्राम कनकी पटवाली हल्का नं.-3, तहसील करतला जिला-कोरबा स्थित भूमि खसरा नं. 575, 576 पर पेट्रोल पंप/ डीजल पंप स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के आधार पर शर्तों के अधिन अनापत्ति प्रमाण पत्र क्र.-8781/लाईसेंस/2020 दिनांक 06.06.2020 जारी किया गया है। जिसके शर्त क्रमांक 1 में लेख है कि भूमि के स्वामित्व संबंधी किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वमेव निरस्त माना जाएगा। शासकीय भूमि पाए जाने पर प्रशासन ने अनापत्ति प्रमाण पत्र क्रमांक - 8781/ लाईसेंस / 2020 कोरबा दिनांक 6.6.2020 की कंडिका 20-01 एवं 11 की शर्तों का उल्लंघन पाया गया और आवेदक संस्था, मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन बिलासपुर के पक्ष में जारी की गई अनापत्ति प्रमाण पत्र को तत्काल प्रभाव से प्रशासन ने निरस्त कर दिया और पेट्रोल पंप का लाईसेंस स्वमेव निरस्त हो गया। रविवार से यहां पेट्रोलियम पदार्थों का लेन-देन बंद हो गया है।

# बालको खेलों को बढ़ावा देने के लिए सदैव रहा अग्रणी


**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) धातु उत्पादन के साथ, शुरूआत से ही जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करता रहा है। औद्योगिक विकास के साथ ही खेल क्षेत्र में भी कंपनी का समृद्ध इतिहास रहा है। युवाओं को खेल से जोड़ने में कंपनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी के अंबेडकर स्टेडियम में स्थानीय समुदाय के युवा शुरू से विभिन्न खेल का अभ्यास करते रहे हैं। कर्मचारियों, स्कूल के बच्चों तथा समुदाय के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए कंपनी समयांतराल पर अनेक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करता है।

1974 में बालको लेडिज क्लब ने बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया। बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी क्लब ने 1976 में आउटडोर तथा इनडोर खेल का आयोजन शुरू किया। इसी साल अग्रदूत कमेटी द्वारा चाचा नेहरू के जन्मदिन पर त्रिटंगी (दो लोगों के पैरों को मिलाकर) खेल का आरंभ किया। लेडिज क्लब 1976 में ईधन बचत के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए साईकिल रिक्शा रेस को आयोजन किया।

कंपनी ने 1976 में मिनी ओलंपिक का आयोजन शुरू हुआ जिसमें स्मेल्टर, एल्यूमिना, एडमिस्ट्रेशन, कंस्ट्रक्शन और सीआईएसएफ के टीम शामिल हुए। प्रत्येक वर्ष इन्हीं टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा आयोजित होती थी। मिनी ओलंपिक में लांग जंप, हाई जंप, जेविलियन थ्रो, डिस्कस थ्रो, वेट लिफ्टिंग, स्लो साईकिल, शॉट पुट, रिले तथा 100 एवं 800 मीटर रेस को आयोजित किया। 26 जनवरी 1977 में बालको ने वार्षिक खेलकूद का आयोजन शुरू किया जिसमें फुटबॉल, बॉलीवॉल, कबड्डी एवं क्रिकेट शामिल थे। सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। 1979 के







वार्षिक खेल में बच्चों के लिए अर्थमेटिक रेस तथा 1982 में शीतकालीन स्पोर्ट्स इंवेट की शुरूआत की गई। 1986 में बालको क्लब ने राज्य स्तरीय टेबल टेनिस के साथ ही बालको ने वार्षिक खेल में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए कैरम एवं चेस की शुरूआत भी की।

1979 में सीमेंट कॉपोरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से अकलतरा में आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता में बालको की टीम रनरअप विजेता बनी। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) कोरबा द्वारा 1982 में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल जीतकर बालको टीम ने शील्ड अपने नाम किया। 1986 में छत्तीगढ़ राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं नवागढ़, सलखन, जांजगीर एवं सक्ती में बालको विजयी सफलता हासिल की। 1982-83 में मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल (एमपीईबी), कोरबा एवं वेस्टन कोल फिल्ड द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल 23 टीमों के प्रतिस्पर्धा में बालको ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए उपविजेता के साथ मैन ऑफ द मैच, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के पुरस्कारों को अपने नाम किया।

1984 से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की 22 यूनिट (महाराष्ट्र,

### 1974 से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहा बालको

गुजरात, गोवा एवं मध्य प्रदेश इत्यादि) के लिए बालकोनगर में कुश्ती प्रतियोगिता तथा सभी यूनिट के लिए बालको द्वारा सामूहिक रूप से बड़ा खाना का आयोजन किया जाता था। कंपनी ने 1985 में गांधी जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जिसमें हसदेव थर्मल पावर प्लांट, एनटीपीसी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सहित आठ टीमों ने भाग लिया था। इसी वर्ष हॉकी तथा क्रिकेट प्रतियोगिता में इंडो-बर्मा पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने भी हिस्सा लिया।

कंपनी द्वारा 1989 में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया जिसमें वालीबॉल, कबड्डी, निशानेबाजी, उंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, 200 मीटर सहित स्थानीय खेल त्रिटंगी, बोरा और मटका दौड़ सहित मेढ़क एवं फुगड़ी दौड़ शामिल थे। इसमें दोंदरो, भदरापारा और लालघाट सहित अन्य गाँवों ने हिस्सा लिया।

विनिवेशीकरण के बाद कई वर्षों तक बालको के अंबेडकर स्टेडियम में अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता तथा 2013 में राज्य स्तरीय गर्ल्स जूनियर कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया। खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा स्थानीय स्तर पर आयोजित केएल मेहता एवं उर्जा कप क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा भी लेता रहा है। कंपनी ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभागीय, बालको प्रीमियर लीग (क्रिकेट), फुटबॉल एवं वॉलीबॉल टूर्नामेंट तथा बैडमिंटन का आयोजन करता है जिसमें कर्मचारी बढ़चढ़ के हिस्सा लेते हैं। स्थानीय समुदाय में बच्चो के बीच खेल को बढ़ावा देने के लिए कंपनी ने स्पोर्ट्स किट वितरण किया है।

## इंदिरा विहार विकास समिति ने मनाया दिवाली मिलन समारोह



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

टैगोर उद्यान टी.पी.नगर कोरबा में इंदिरा विहार विकास समिति ने दीपावली मिलन समारोह आयोजन किया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने के लिए विद्यार्थी, गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया। बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ दिवाली मिलन का यह शानदार आयोजन किया गया। जिसमें महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं वार्ड पार्षद सुश्री ऋतु चौरसिया और इंदिरा विहार विकास समिति के सभी सदस्यगण एवं पूरी कार्यकारणी की टीम उपस्थित रही। बच्चों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसका श्रेय इंदिरा विहार विकास समिति के महिला मंडल एवं उनकी टीम को जाता है। आभार प्रदर्शन सचिव राहुल अग्रवाल के द्वारा किया गया।



## कलिंगा कंपनी का कार्यालय घेरा भू-विस्थापितों ने

### स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा को लेकर कलिंगा के खिलाफ भू-विस्थापितों का भड़का आक्रोश

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**



एसईसीएल में नियोजित कलिंगा कंपनी के खिलाफ भू-विस्थापितों का एक बार फिर आक्रोश भड़क उठा है। भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन ने कलिंगा कंपनी गेट के सामने रोजगार की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। देर शाम आश्वासन पर भू-विस्थापितों ने अपना आंदोलन स्थगित किया। कलिंगा पर आरोप है कि स्थानीय युवाओं की उपेक्षा कर बाहर से कर्मचारी मंगाकर अपना काम किया जा रहा है। इसके पूर्व भी स्थानीय बेरोजगार मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। रविवार को बेरोजगार स्थानीय युवाओं को कंपनी में रोजगार की मांग को लेकर सुबह से धरने पर बैठे थे। भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नौकरी नहीं दी जा रही है। इसी बात को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया। बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष उषा विश्वकर्मा का कहना है कि स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। इसी बात को लेकर भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कंपनी के गेट पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा कि जो बाहरी व्यक्ति हैं उसको हटाकर क्षेत्र की युवाओं को रोजगार दिया जाए। उनकी मांग है कि यहां की कंपनियों में युवाओं को रोजगार दिया जाए। कलिंगा कंपनी विकास दुबे और भूविस्थपित कोयला कर्मचारी एसोसिएशन पदाधिकारी व सदस्यों के साथ रोजगार की बातचीत हुई इसके बाद स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया है।

## हिन्द एनर्जी में ईपीएफ टीम की दबिश कोयला ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप

**कोरबा/दीपका ( दिव्य आकाश )।**

वेतन में कटौती सहित कर्मचारियों से जुड़े अन्य मुद्दों पर शिकायत मिलने पर एसईसीएल कोल माइंस से कोयला ट्रांसपोर्ट करने वाली हिंद एनर्जी के दीपका स्थित दफ्तर में ईपीएफ की टीम ने दबिश दी है। लगातार दूसरे दिन कार्यालय के दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की कार्रवाई से कोयलांचल के कोल ट्रांसपोर्टरों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि हिन्द एनर्जी के कर्ताधर्ता राजेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संजय अग्रवाल ने कंपनी में काम करने वाले हजारों कर्मचारियों के भविष्य से खिलवाड़ करते हुए करोड़ों रुपए की हेराफेरी की है। इस बात की शिकायत मिलने पर जांच के लिए पहुंची ईपीएफ की टीम लगातार दूसरे दिन भी जमी रही।

बताया जा रहा है कि डिडौलीभांठा में रहने वाले हिंद एनर्जी के पूर्व कर्मचारी बाबूलाल पोर्ते की शिकायत पर ईपीएफ ने यह कार्रवाई की है। बाबूलाल पोर्ते कंपनी को अंदर-बाहर से अच्छी तरह से जानते हैं। इस संबंध में कलेक्टर के अलावा अन्य विभागों में शिकायत की थी। इस पर एक टीम कुछ दिनों पहले बिलासपुर स्थित हिन्द एनर्जी के दफ्तर में भी जांच-पड़ताल के लिए पहुंची थी। इस कार्रवाई से जहां एक ओर कोयला कारोबारियों में दहशत की स्थिति है, तो वहीं दूसरी ओर अपने हक से वंचित कर्मचारियों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

## भाजपा की कार्यशाला में संगठन की मजबूती पर जोर





**पाली ( दिव्य आकाश )।**

संगठन चुनाव को लेकर भाजपा मंडल पाली की एकदिवसीय कार्यशाला मंगल भवन में संपन्न हुई,जिसमें पार्टी की मजबूती और एकता पर जोर दिया गया। कार्यशाला में भाजपा पाली मंडल की सभी इकाइयों के प्रमुख कार्यकर्ता, बूथ के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक, प्रभारी, मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सभी वरिष्ठ जनों की उपस्थिति से गदगद जिला अध्यक्ष भाजपा कोरबा राजीव सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का यह उत्साह और जोश ही पार्टी की ताकत है। आगामी नगर निकाय चुनाव व अन्य चुनावों में आप जैसे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की बदौलत जीत सुनिश्चित है। पाली तानाखार में पिछले 25 वर्षों में भाजपा यहा तीसरे स्थान पर रही है, लेकिन अब जनता के बीच में आपकी मेहनत से जनता का विश्वास पार्टी के प्रति लौट रहा है और लगातार अन्तर कम हो रहा है। इस बार कार्यकर्त्ताओं ने 2023 के विधानसभा सभा चुनाव में भाजपा पाली मंडल में प्रथम स्थान पाकर कांग्रेस एवं गोंडवाना पार्टी से 4000 वोटों से लीड किया है। ऐसे कार्यकर्त्ताओं के दम पर भाजपा तानाखार विधानसभा चुनाव जरूर जीतेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है और हमारी सरकार की सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और उसका आम जनता को लाभ दिलावे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर ने किया। बैठक में पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिव चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश चंद्रा, पूर्व अध्यक्ष संजू देवी जायसवाल, मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री श्रीवास, श्री सांडिल्य, कीर्ति कश्यप, नवदीप नंदा आदि मंचस्थ थे।

## सक्ती में दो बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर:2 युवकों की मौत, एक घायल, मेला से घर जाते समय हुआ हादसा

**सक्ती।**

सक्ती जिले के अमलीडीह और पिरदा गांव के बीच दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हुई है, वहीं एक युवक घायल है। घटना सुबह करीब 8.30 बजे की है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी अनुसार ग्राम पिरदा में तीन दिवसीय अखिल भारती राम नवमी भजन मेला चल रहा है। जहां दो भाई लोकेश चंद्र और लक्की चंद्र



दोनों मेले में दुकान लगाए हुए थे। जिसे बंद कर एक बाइक में सवार होकर दोनों भाई अपने घर खाना खाने के लिए निकले थे।

दूसरी बाइक पल्सर में भागवत सतनामी मेला देखने के लिए अकेले जा रहा था। बाइक तेज रफ्तार होने के कारण दोनों बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। तीनों एक दूसरे से दूर सड़क में जा गिरे। हादसे में एक युवक लोकेश चंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं लक्की चंद्र और भागवत सतनामी को गंभीर रूप से चोट आई है। भागवत सतनामी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पहुंची ओर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई।

## सांसद श्रीमती महंत की अनुशंसा से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमि पूजन

**पाली ( दिव्य आकाश )।**

जनपद पंचायत पाली अंतर्गत सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अनुशंसा से स्वीकृत विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशवंत लाल ने कहा कि भले ही केंद्र और राज्य में कांग्रेस की सरकार नहीं है लेकिन इसके बावजूद सांसद श्रीमती महंत पूरे संसदीय क्षेत्र के ग्रामों की प्राथमिक मूलभूत सुविधाओं, समस्याओं और विकास कार्यों के लिए कृत संकल्पित हैं। वह अपने प्रयासों से विभिन्न मद से विकास कार्यों को




अमली जामा पहनाएंगे। इसी कड़ी में क्षेत्र की जनता और ग्रामीणों की मांग पर यह विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं और भविष्य में जहां-जहां भी कार्यों की आवश्यकता होगी प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण कराए जाएंगे। विकास कार्यों के लिए राशि की कमी नहीं होगी।

सांसद ज्योत्सना महंत की अनुशंसा से DMF मद से स्वीकृत ग्राम पंचायत नानपुलाली में सरमन घर से प्राथमिक शाला की ओर सी सी रोड लागत 9 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत सराईपाली में सांस्कृतिक मंच से दीपक घर तक 4 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण सहित ग्राम पंचायत चेपा, तालापार में भी विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में अमित भदोरिया,दीपक जायसवाल सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण ज़न, कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मुकेश कबाड़ी के ठिकानों पर जीएसटी की रेड




### घर और गोदाम में दस्तावेजों की हुई जांच, पहले भी पड़ चुका है छापा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में शनिवार को जीएसटी की टीम ने कबाड़ी मुकेश साहू उर्फ बरबट्टी के गोदाम और घर पर छापेमारी की। रायपुर से आई जीएसटी टीम ने गोपनीय तरीके से दबिश दी। मामला राताखार इलाके का है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सर्विस टैक्स में चोरी करने को लेकर जीएसटी ने यह छापा मारा है। रायपुर से टीम दोपहर लगभग 1 बजे कोरबा पहुंची थी। कबाड़ी के ठिकानों पर दस्तावेज की जांच चल रही है। चार अधिकारियों की टीम लोगों से पूछताछ कर रही है। इससे पहले भी विभाग छापा मार चुका है। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में कबाड़ व्यवसाय पूरी तरह से बंद है। जिले के थाना चौकी प्रभारी को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं कि उनके क्षेत्र में अगर कबाड़ से जुड़े कोई भी व्यापार हुए, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com